
सतना
17 जुलाई 2024 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



भारत को ...
@ पेज 7



# यूपी के 20 जिलों में बाढ़, 30 गांव डूबे

## वाराणसी में गंगा का जलस्तर हर घंटे 5-10 सेंटीमीटर बढ़ रहा, गुजरात-महाराष्ट्र में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। नेपाल बॉर्डर की नदियों के साथ ही गंगा भी उफान पर है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर हर घंटे 5-10 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। गोरखपुर में राप्ती नदी खतरे के निशान के पार बह रही है। सड़कों पर नाव चल रही है। 30 गांव डूब गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम योगी से बाढ़ की हालात को लेकर चर्चा भी की।

**बिहार में भी कई इलाकों में बाढ़ के हालात बने** -उधर, बिहार में भी कई इलाकों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। मुजफ्फरपुर में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। कटरा प्रखंड में बागमती और लखनदेई नदी उफान पर है। बाढ़ के पानी से बकुची, पतारी, अंदामा, बसघट्टा, नवादा, गंगेया गांव की करीब 50 हजार से ऊपर की आबादी घिर गई है।

मौसम विभाग ने गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा के लिए आज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**आज 11 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान-** मौसम विभाग ने उत्तराखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अंडमान-निकोबार में भारी बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, आईएमडी ने ओडिशा, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात,



कर्नाटक, मध्य प्रदेश में बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवदीप जलबेड़ा को जमानत, किसान बोले- रिहाई के लिए प्रदर्शन करेंगे

- किसानों का दिल्ली कूच का ऐलान; बोले- शंभू बॉर्डर खुलने का इंतजार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा-पंजाब के बीच शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। चंडीगढ़ में मीटिंग के बाद किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि शंभू बॉर्डर खुलते ही किसान दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ सामान इकट्ठा करने में समय लगेगा, उसके बाद हम दिल्ली की तरफ रवाना हो जाएंगे।



किसानों ने किसान शुभकरण के मौत मामले में गठित स्पेशल टास्क फोर्स को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के अधिकारी को जांच देने से इंसाफ की उम्मीद नहीं बचती।

### आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार का एक्शन

#### ट्रेनिंग रद्द, वापस मसूरी अकादमी भेजा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। यूपीएसीपी में चयन के लिए तमाम प्रमाणपत्रों में फर्जीवाड़े के आरोपों को



झेल रही पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रोक दी गई है। पुणे में तैनाती के दौरान अपने नखरों की वजह से चर्चा में आई पूजा खेडकर का तबादला वाशिम में किया गया था। वाशिम में कुछ संगठनों की तरफ से पूला खेडकर का विरोध भी सामने आया था। अब सरकार ने बड़े एक्शन में पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रोक दी है। नए आदेश में ट्रेनी आईएएस को 23 जुलाई तक वापस मसूरी अकादमी में रिपोर्ट करने निर्देश दिया गया है।

### जस्टिस एचएन कोटिश्वर सिंह और जस्टिस आर महादेवन होंगे सुप्रीम कोर्ट के नए जज

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति कर दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल



के मुताबिक राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एचएन कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया है। दो जजों के रिटायरमेंट के चलते सुप्रीम कोर्ट में 32 जज बचे थे। जो नई नियुक्ति के बाद 34 हो गए हैं।

## जमू-कश्मीर में आतंकियों की फायरिंग में

# सेना के कैप्टन समेत 5 जवान शहीद

### कैप्टन बृजेश थापा की मां बोलीं- बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में आतंकियों की फायरिंग में सेना के कैप्टन समेत 4 जवान शहीद हो गए। एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यानी कुल 5 लोगों की जान गई है। राष्ट्रीय रायफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस यहां सोमवार से ही सर्च ऑपरेशन चला रही है।

सर्चिंग के दौरान आतंकी फायरिंग करते हुए भागे। घना जंगल होने की वजह से वे बच निकले। सोमवार रात 9 बजे के आसपास फिर गोलीबारी हुई। इसमें 5 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

शहीद हुए राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों में कैप्टन बृजेश थापा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के और सिपाही बृजेंद्र, सिपाही अजय राजस्थान के झुंझुनूं के रहने वाले थे। नायक डी राजेश की जानकारी सामने नहीं आई है।






### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

आतंकवाद विरोधी अभियान में हमारे बहादुर और साहसी भारतीय सेना के जवानों की मौत से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राष्ट्र मजबूती से उनके साथ खड़ा है।

### राहुल गांधी



आज जम्मू-कश्मीर में फिर से एक आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। लगातार हो रहे ये आतंकी हमले जम्मू-कश्मीर की जर्जर स्थिति बयान कर रहे हैं। भाजपा की गलत नीतियों का खामियाजा हमारे जवान और उनके परिवार भुगत रहे हैं। हर देशभक्त भारतीय की यह मांग है कि सरकार बार-बार हो रही सुरक्षा चूकों की पूरी जवाबदेही ले कर देश और जवानों के गुनहगारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे।

### यह कायरतापूर्ण हमला है : उपराज्यपाल

डोडा जिले में हमारी सेना के जवानों और जेकेपी कर्मियों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम अपने सैनिकों की मौत का बदला लेंगे और आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नापाक मंसूबों को विफल कर देंगे।

## गुजरात में चांदीपुरा वायरस के चलते

# 5 दिन में 6 बच्चों की मौत

- डॉ टर बोले- मच्छरों से बीमारी फैलती है, फीवर-लू के बाद दिमाग में सूजन होती है



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में चांदीपुरा वायरस के चलते 5 दिन में 6 बच्चों की मौत हो गई है। गुजरात के स्वाथ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि अभी तक राज्य में 12 बच्चे इस वायरस से इन्फेक्टेड हैं। इस वायरस का इन्फेक्शन 9 साल से 14 साल के बच्चों को ही होता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने बताया कि चांदीपुरा वायरस से बच्चों में फीवर और फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। इसके बाद इन्सेफेलाइटिस यानी दिमाग में सूजन तक हो सकती है, जो बच्चों की मौत का कारण बन सकती है। यह वायरस मच्छर और मक्खियों से इंसानों में फैलता है।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया अलर्ट जारी

चांदीपुरा वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश भर में अलर्ट जारी कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि अगर किसी को इसके लक्षण दिखे तो तुरंत हॉस्पिटल जाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह वायरस ज्यादा खतरनाक नहीं है, क्योंकि यह ज्यादा संक्रामक नहीं है। वायरस से बचाव के लिए अभी तक 4,487 घरों में स्क्रीनिंग की गई है। स्वास्थ्य विभाग चौबीस घंटे काम कर रहा है, ताकि ये बीमारी और ना फैलें।

# आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक के घर रेड

- पटना और मधुबनी में ईडी की छापेमारी

**मधुबनी (एजेंसी)।** पटना और मधुबनी में मंगलवार सुबह ईडी ने रेड की है। मधुबनी में पूर्व विधायक गुलाब यादव के घर ईडी की रेड चल रही है। मंगलवार सुबह झंझारपुर में पूर्व विधायक के गंगापुर स्थित आवास पर टीम दल-बल के साथ पहुंची। केंद्रीय पुलिस बल की टीम ने उनके घर को घेर लिया है। घर के मेन गेट को बंद कर के टीम अंदर जांच में जुट गई है। रेड की जानकारी मिलते ही आवास के बाहर लोगों की भीड़ भी जुट गई है। इसके साथ ही बिहार के सीनियर आईएएस अफसर संजीव हंस के 7 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। संजीव हंस बिहार में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव हैं। वे बिजली कंपनी के सीएमडी भी हैं।

# बिहार में वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता की हत्या

### रिश्तेदार का दावा-

- हत्याकांड में गांव के लोगों का हाथ

**पटना/दरभंगा (एजेंसी)।** बिहार में विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गई है। मंगलवार सुबह 70 साल के सहनी का क्षत-विक्षत शव उनके घर से मिला है। घटना दरभंगा के घनश्यामपुर थाना के जीरत गांव की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकेश सहनी मुंबई से पटना पहुंच गए है।



### हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित

पुलिस ने बताया कि सहनी को धारदार हथियार से हमला करके मारा गया है। उनके घर का सामान भी बिखरा पड़ा मिला है, इस लिहाज से पुलिस का मानना है कि चोरी का विरोध करने पर सहनी का मर्डर किए जाने की आशंका है। हत्या की जांच के लिए एसआईटी बना दी गई है। दरभंगा के एसपी देहात इसे लीड करेंगे।

### मुकेश सहनी

पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में मुकेश सहनी ने कहा कि पिता के हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो। सीएम से बात हुई है, उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला है। वहीं, एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि पटना से एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वॉड समेत जांच के लिए अन्य टीमें दरभंगा के लिए रवाना कर दी गई है।

# अलीगढ़ के थाने में बेटे ने मां को जिंदा जलाया

- पुलिस के सामने पेट्रोल डालकर आग लगाई, फिर वीडियो बनाया


**अलीगढ़ (एजेंसी)।** अलीगढ़ में बेटे ने थाने में मां को जिंदा जला दिया। उसने पुलिसवालों के सामने ही मां पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी। इसके बाद वह मां को बचाने की जगह वीडियो बनाने लगा। पुलिसकर्मियों ने मिट्टी और कंबल डालकर किसी तरह महिला को बचाया, लेकिन तब तक वह 80 प्रतिशत झुलस गई। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। महिला का अपनी ससुराल वालों से प्रॉपर्टी को लेकर झगड़ा चल रहा था। इसी को लेकर मां और बेटे थाने पहुंचे थे। कहा जा रहा है बेटे ने अपने नाना के परिवार को फंसाने के लिए मां को आग लगा दी।



# उत्तराखंड के ग्लेशियर में बाबा ने बनाया अवैध मंदिर

## पवित्र कुंड को बना डाला स्विमिंग पूल, कहा- देवी ने सपने में दिया था आदेश

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के बागेश्वर में सुंदरढूंगा ग्लेशियर पर 5,000 मीटर की ऊंचाई पर एक बाबा ने सरकारी जमीन पर गैर-कानूनी तरीके से मंदिर बना लिया है। वहां बने पवित्र जल कुंड को स्वीमिंग पूल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं।



स्वयंभू बाबा योगी चैतन्य आकाश पर ये आरोप हैं। उनका कहना है कि उन्हें खुद देवी मां ने सपने में आकर यह मंदिर बनवाने का आदेश दिया था। स्थानीय ग्रामीण महेंद्र सिंह धामी ने बताया कि बाबा ने यही दावा करके गांव वालों से मंदिर बनाने में मदद मांगी।

### बाबा के विरोध में उतरे

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाबा ने पवित्र देवा कुंड को तीर्थयात्रियों और अन्य लोगों के लिए स्विमिंग पूल बना दिया है। अक्सर वे कुंड में नहाते दिखते हैं। स्थानीय निवासी प्रकाश कुमार ने कहा- हमारी मान्यता है कि हर 12 साल में नंदा राज यात्रा के दौरान देवी-देवता देवी कुंड में आते हैं। इस बाबा ने लोगों को गुमराह करके हमारी परंपराओं के खिलाफ यह मंदिर बना डाला है। स्थानीय लोग अब बाबा के विरोध में उतर आए हैं। लोगों की नाराजगी देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कपकोट के सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट अनुराग आर्य ने कहा कि वन विभाग, पुलिस और रेवेन्यू ऑफिस की एक टीम जांच के लिए जल्द ही देवी कुंड का दौरा करेगी। अतिक्रमण हटाएगी और बाबा के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी।

# तमिलनाडु में एक और नेता की हत्या

- मदुरै में 'नाम तमिलर काची' पार्टी के डिप्टी सेक्रेटरी को मारा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में 'नाम तमिलर काची' पार्टी के मदुरै नार्थ जिले के डिप्टी सेक्रेटरी बालासुब्रमण्यम की मंगलवार (16 जुलाई) को हत्या कर दी गई। कुछ ही दिन पहले चेन्नई में बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु चीफ के. आर्मस्ट्रांग की हत्या हुई थी। मदुरै शहर के पुलिस कमिश्नर लोगनाथन ने बताया कि बालासुब्रमण्यम की मदुरै के बीबी कुलम इलाके में सुबह मॉर्निंग वॉक के समय हत्या हुई। उन्होंने आगे कहा कि हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। जांच चल रही है। जल्द ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस सोर्स के मुताबिक, मृत बालकृष्णन एक हिस्ट्रीशीटर था, जिसके खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं।



# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, युवक से मिलने पहुंची महिला, आरोपी ने बेहोश कर किया रेप और बनाया वीडियो



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** 24 वर्षीय विवाहित महिला से कथित तौर पर सोशल मीडिया पर एक आरोपी ने दोस्ती की, जिसने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बागसेवनिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय गृहिणी पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा है कि कोलार निवासी आरोपी ने कुछ महीने पहले इंस्टाग्राम पर उससे दोस्ती की थी।

दोनों ने चैटिंग और एक-दूसरे के साथ निजी जानकारियां साझा करना शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि 1 मई को आरोपी ने उसे कोलार स्थित अपने घर पर मिलने के लिए बुलाया। जब वह वहां पहुंची तो उसने उसे नशीला पदार्थ मिलाकर पेय पदार्थ पिलाया। इस दौरान उसने नशीला पदार्थ पिला दिया। जब वह बेहोश हो गई तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जब पीड़िता को होश आया और उसने विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने की धमकी दी। जब उसने मदद के लिए शोर मचाया तो पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन उस समय आरोपी भाग गए। महिला ने आखिरकार हिम्मत जुटाई और अपने पति को घटना के बारे में बताया और पुलिस को मामले की सूचना दी। आगे की जांच जारी है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है।

# एमपी में जमकर हो रही मानसूनी बारिश



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में मानसून से कई जिलों में भारी बारिश जारी है। वहीं कई जिलों में पिछले 2 दिनों में बारिश कम हुई है। मंगलवार को सुबह इंदौर और उज्जैन में जमकर बारिश हुई। उज्जैन की सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। शाम को भोपाल में भी तेज हवा के साथ जमकर बादल बरसे हैं।

बता दें कि ग्वालियर और जबलपुर में भी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया है कि मानसून की एक द्रोणिका थोड़ी दक्षिण दिशा में खिसक गई है, जिससे बंगाल की खाड़ी से एक कम दबाव वाला सिस्टम सक्रिय हो गया है। 19-20 जुलाई के आसपास बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव वाला क्षेत्र बनने की उम्मीद है, जो भारी बारिश के पैटर्न को बनाए रखेगा।

सोमवार को मध्य प्रदेश के 19 जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। खरगोन में बांकुर नदी के पानी में एक टैंकर बह गया, बरवाहा में घरों और दुकानों में पानी भर गया। नर्मदा नदी का जलस्तर एक मीटर बढ़ गया। सीहोर के आष्टा और आगर मालवा में इतनी तेज बारिश हुई कि सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। मंडला में सबसे ज्यादा एक इंच बारिश हुई। उज्जैन के आसपास के जिलों में बारिश होने से शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया। रतलाम में भी अच्छी खासी बारिश हुई, करीब एक इंच। जबकि छिंदवाड़ा और जबलपुर में करीब आधा इंच बारिश हुई। इंदौर, सीहोर, भोपाल, मुरैना, नरसिंहपुर, सागर, उमरिया, धार, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खरगोन, शिवपुरी समेत कई अन्य जिलों में बारिश जारी रही।

# याचिकाकर्ता उपस्थित नहीं, अब 18 जुलाई को होगी हाईकोर्ट में नर्सिंग घोटाले पर सुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मप्र हाईकोर्ट की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की अनुपस्थिति के कारण फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई गुरुवार तक के लिए टाल दी। लॉ स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा दायर एक जनहित याचिका के जवाब में, उच्च न्यायालय ने मप्र के सभी नर्सिंग कॉलेजों की साख की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। सीबीआई ने 169 नर्सिंग कॉलेजों को क्लीन चिट दी थी, 74 में कमियां बताईं लेकिन कहा कि इसे सुधारा जा सकता है। एजेंसी ने 65 नर्सिंग कॉलेजों को संचालन के लिए अयोग्य पाया। हाल ही में, जांच में शामिल अधिकारियों को फिटनेस प्रमाणपत्र के बदले नर्सिंग कॉलेजों के मालिकों से रिश्वत मांगने के आरोप में सीबीआई की दिल्ली टीम ने गिरफ्तार किया था, जिससे जांच सवालों के घेरे में आ गई थी।

इसके बाद कोर्ट ने उन 169 कॉलेजों की नए सिरे से जांच के आदेश दिए हैं, जिन्हें पहले क्लीन चिट दे दी गई थी। अदालत ने सीबीआई को न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कॉलेजों का निरीक्षण करने और पूरी निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान वीडियो और तस्वीरें एकत्र करने को कहा है।

# मंत्री की पीआरओ के सुसाइड मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन, पति और सास पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज





**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जनसम्पर्क संचालनालय में सहायक निदेशक के पद पर तैनात 33 वर्षीय नवविवाहिता की सुसाइड मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है। मामले की जांच कर रही गोविंदपुरा पुलिस ने महिला के पति और सास के खिलाफ दहेज हत्या, क्रूरता और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मृतक महिला के परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

फांसी लगाने से पहले पूजा थापक ने ग्वालियर में रहने वाली अपनी मां से मोबाइल फोन पर बात की थी। मां ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी ने उनसे कहा था कि अब बर्दाश्त नहीं होता, मर रही हूं। पूजा थापर ने अपनी बहन को भी मोबाइल पर मैसेज किया था और उसमें लिखा था कि प्रताड़ना से तंग आकर वह आत्महत्या कर लेंगी।

**ढ़ाई साल पहले हुई थी शादी:** 2022 में मृत पीआरओ की शादी भोपाल के साकेत नगर में रहने वाले निखिल दुबे से हुई थी। शादी के बाद ही पति और पत्नी में अनबन होने लगी थी। इसके बाद 9 जुलाई को पूजा थापक ने अपने पति से अनबन के बाद बेडरूम में जाकर फांसी लगा ली थी। मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि पूजा थापक की शादी में परिवार ने 45 लख रुपए खर्च किए थे। दामाद को एक फ्लैट भी दिलाया था। उसके बाद भी उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इसी कारण बेटी की जान चली गई।

**विवाद के बाद कमरे में बंद होकर लगा ली फांसी:** पुलिस ने बताया कि 9 जुलाई की सुबह करीब 10.30 बजे पूजा और नितिन के बीच किसी घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया और उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उसने कमरे में फांसी लगा ली। जब बार-बार खटखटाने के बावजूद उसने दरवाजा नहीं खोला, तो निखिल ने किसी तरह दरवाजा तोड़ दिया और उसे एम्स अस्पताल ले गया, जहां मंगलवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**अभी तक गिरफ्तारी नहीं:** सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया। सूचना मिलने पर उसके परिजन ग्वालियर से भोपाल आये। पुलिस ने बताया कि महिला के परिवार वालों ने नितिन और उसकी मां पर क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने भले ही एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन अभी तक आरोपी मां बेटे की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ग्वालियर निवासी पूजा थापक जनसंपर्क संचालनालय में जनसंपर्क अधिकारी थीं। वे यहां पर सहायक संचालक की भूमिका में कार्य कर रही थी। वर्तमान में वह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और श्रम विभाग के मंत्री पहलाद पटेल के जनसंपर्क संभाल रही थी।

# कलेक्टर ने शुरू की नई पहल भिक्षावृत्ति मुक्त होगा भोपाल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भोपाल में एक नई पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाना है। इस पहल के तहत भिक्षावृत्ति में लिप्त वयस्कों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के सर्वेक्षण और पुनर्वास के प्रयास किए जाएंगे।

जिले में भीख मांगने वाले व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण, पहचान, मोबिलाइजेशन, पुनर्वास और आजीविका के उपाय किए जायेंगे। इसके अलावा, उन व्यक्तियों पर भी कार्यवाही की जाएगी जो भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का उपयोग करते हैं या उन्हें भीख मांगने के लिए मजबूर करते हैं।

कलेक्टर सिंह ने भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के लिए आश्रय, भोजन, कपड़े, विस्तर, चिकित्सा सुविधाएं, परामर्श और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराने दल गठित कर सर्वे कार्य प्रारंभ कराया है। इसके अंतर्गत ट्राफिक चौराहों, सड़कों, धार्मिक स्थानों, ऐतिहासिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों एवं अन्य सार्वजनिक भिक्षावृत्ति स्थानों के हॉटस्पॉट का चिन्हांकन तथा भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए एसडीएम की अध्यक्षता में दलों का गठन किया गया है। दलों द्वारा सर्वे कार्य प्रारंभ किया गया है।

# भोपाल की गरीब बस्तियों में ईसाई धर्म अपनाने के लिए दिया जा रहा लालच



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में धर्म परिवर्तन का बड़ा मामला सामने आया है। यहां पर एक विशेष धर्म का प्रचार कर रही तीन महिलाओं का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। यह महिलाएं एक व्यापारी को ईसा मसीह के बताए हुए मार्ग पर चलने की अपील कर रही हैं। इतना ही नहीं, वे ईसाई धर्म अपनाने के एवज में व्यापारी को 20 लाख रुपए देने तक की बात कर रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद यह यह मामला तेजी से राजनीति के रंग में रंग गया और मामला पिपलानी थाना क्षेत्र पहुंच गया।

**पांच लोगों पर मामला दर्ज:** बताया जा रहा है कि पुलिस ने तीन महिलाओं समेत पांच लोगों को खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। कारोबारी ने थाना पहुंचकर महिलाओं के खिलाफ परिवाद दर्ज करवाई है। हालांकि दो युवक वहां से भाग निकले। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी महिलाएं नन है और दो महिला भोपाल की, जबकि दूसरी नर्मदापुरम जिले की रहने वाली है।

**बीजेपी से जुड़े हैं शिकायतकर्ता:** पुलिस के अनुसार भोपाल के धनवीर सिंह ठाकुर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं। शाम को वे दुकान के बाहर खड़े हुए थे, इसी दौरान उन्होंने देखा कि तीन महिलाएं और दो पुरुष पास की बस्ती में आए हैं और लोगों को कुछ समझा बुझा रहे हैं। महिलाओं ने नन वाली ड्रेस पहनी हुई थी। यह देखकर धनवीर सिंह ठाकुर उन महिलाओं और पुरुषों को बीच में पहुंच गए और उनसे पूछताछ की। इन महिलाओं ने उन्हें बताया कि हो बताया कि वह अपने ईसाई धर्म की अच्छाई लोगों को बता रही हैं।

**20 लाख रुपए देने का लालच:** इन महिलाओं ने बस्ती के लोगों को 20 लाख रुपए देने का लालच दिया और यह भी बताया कि वह खुद दो महीना पहले ही ईसाई धर्म ग्रहण किया है। इसके बदले में उन्हें नगद रुपए के साथ ही अच्छा मकान भी मिला है और उनके बच्चों को पढ़ाई-लिखाई अच्छे स्कूल में कराई जा रही है। इस बात पर व्यापारी धनवीर सिंह ठाकुर ने पुलिस को बुलाया और इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी। पुलिस को शिकायत मिलने की तत्काल बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें महिलाओं को थाने ले आया। जबकि दो पुरुष वहां से भागने में कामयाब हो गए हैं।

**ईसाई धर्म से संबंधित प्रचार सामग्री:** महिलाओं के पास ईसाई धर्म से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री और पर्ची मिले हैं। गिरफ्तार महिलाओं में मेरी वस्त्र, मेरी मसीहा, सुमन मसीहा है। वहीं, भागने वाले आरोपियों का नाम चंद्रभान और बादप्रसाद है। पुलिस उन्हें खोज रही है।

# मध्य प्रदेश के सभी पटवारी अगले 45 दिन तक मुख्यालय पर रहेंगे



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राजस्व महाअभियान-2 (18 जुलाई से 31 अगस्त 2024) का ऐलान कर दिया है। सभी कमिश्नर और कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले मामलों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। सभी पटवारी अगले 45 दिनों तक अपने मुख्यालय पर रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पटवारी मुख्यालय पर रहें, दक्षता के साथ कलेक्टर कार्यवाही करें। अभियान की हर दिन समीक्षा की जाए, साफ-सुथरा कार्य हो, अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गलती होने पर माफ नहीं किया जाएगा। कमिश्नर अपना 45 दिन का दौरा कार्यक्रम बनाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। अभियान में नक्शा दुरुस्तीकरण का कार्य अच्छा हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना का लाभ दिए जाना सुनिश्चित किया जाए, परंतु इस बात का ध्यान रखा जाए कि इसका दुरुपयोग न हो।

प्रदेश में 15 जनवरी से 31 मार्च तक चलाए गए राजस्व महाअभियान-01 में 30 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस महाअभियान में सभी जिलों में अच्छा काम हुआ। महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रतिशत के हिसाब से पांढुर्ना प्रथम, बुरहानपुर द्वितीय, खण्डवा तृतीय स्थान पर है जबकि हरदा दसवें स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल, सिंगरौली, मुरैना, उमरिया द्वितीय चरण में अच्छा कार्य करें, कोई शिकायत नहीं आए। विवादित प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही की जाए। समग्र का आधार से सत्यापन करना जरूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पटवारी डायरी डिजिटल की जाए। मेन्युअल डायरी प्रथा समाप्त की जाए। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, लंबित प्रकरणों में ई-केवाईसी करें। अच्छा वातावरण निर्मित करें। गौ-शालाओं की क्षमता अनुसार गौ-वंश रखें, वे सड़कों पर न दिखें। राज्य सरकार द्वारा गौ-शालाओं को दिया जाने वाले अनुदान को दोगुना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही हो।

# राजस्व महाअभियान के अंतर्गत अधिकारियों को अधिक से अधिक से अधिक मामलों का निराकरण करने के निर्देश




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में टीएल मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान सभी विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं उन्हें समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। सामाजिक न्याय विभाग को दिव्यांगजनों का सर्वे करने और ज़िले के सभी कार्यालयों और भवनों को दिव्यांगजनों की सुविधा के अनुरूप बनाने के लिए रैंप आदि निर्माण एवं बाधारहित बनाने के निर्देश दिए गए।

राजस्व महाअभियान के अंतर्गत राजस्व अधिकारियों को अधिक से अधिक से अधिक मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत ज़िले में हो रहे पौधारोपण कार्यों की समीक्षा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियोंको मेंटेनेंस और बारिश के मौसम के दौरान बिजली संबंधी शिकायतों का टीम बनाकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने सभी एसडीएम को नगर निगम के साथ मिलकर रोडसाइड अतिक्रमण हटाने और शहर के प्रमुख स्थलों के पास ख़ाली पड़ी सरकारी ज़मीन को पार्किंग स्थल में बदलने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान भोपाल मेट्रो रेल परियोजना में आ रही भूमि आवंटन संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में ज़िला पंचायत सीईओ श्री ऋतुराज सिंह, एडीएम श्री हिमांशु चंद्र, श्री हर्षल पंचोली, श्री भूपेन्द्र गोयल, सभी अनुभागों के एसडीएम और सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बिजली कंपनी कार्मिकों को सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के परिसर में किसी भी समय चेकिंग का कानूनी अधिकार



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्थापित मीटर की रीडिंग, जॉच, विजिलेंस चेकिंग तथा अन्य बिजली संबंधी कार्य के लिए बिजली कंपनी के अधिकृत कार्मिक अथवा आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को प्रवेश करने से न रोके ।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं म.प्र. विद्युत प्रदाय संहिता 2013 में दिये गये प्रावधानों के तहत मीटर की रीडिंग, जॉच, विजिलेंस चेकिंग तथा अन्य बिजली संबंधी कार्य के लिए कंपनी को सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के परिसर में सूचना देकर प्रवेश करने के कानूनी अधिकार हैं। अपितु केवल घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के मामले में घरेलू स्थल अथवा परिसर का निरीक्षण, परीक्षण या जांच, सूर्यास्त और सूर्योदय के मध्यकाल के दौरान अधिवासी वयस्क पुरुष की उपस्थिति में आवश्यक है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके मीटर परिसर के अंदर स्थापित हैं अथवा अनधिकृत विद्युत उपयोग की जांच, उपकरणों में अनधिकृत वृद्धि एवं फेर-बदल, विद्युत की चोरी तथा दुरूपयोग, विद्युत विचलन, मीटर एवं लाइनों से छेड़छाड़ जैसे संदेहास्पद मामलों में विद्युत उपभोक्ता बिजली कंपनी के अधिकृत कार्मिक अथवा आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को मीटर रीडिंग, जॉच, विजिलेंस चेकिंग तथा अन्य बिजली संबंधी कार्यों को करने लिए अपने परिसर में प्रवेश करने दें। उपभोक्ता कार्मिकों से फोटो युक्त परिचय पत्र देखने की मांग कर सकते हैं।

कंपनी उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिद्युत आपूर्ति करने तथा उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित है। उपभोक्ता इस हेतु बिजली कंपनी के कार्मिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 236 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

## अंसू कुशवाहा ट्राई साईकिल और गोबाई भुजवा व्हील चेयर मिलने से बेहद खुश दिखे



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 236 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें।

जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। सीईओ जिला पंचायत ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

जनसुनवाई में ग्राम गिजवार से आई दिव्यांग अंसू कुशवाहा ने कभी नहीं सोचा था कि उनकी समस्या का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा और उन्हें सहजता से इसका लाभ प्राप्त होगा। अंसू ने बताया कि पैर से विकलांग के कारण वे चलने में असक्षम है। जिससे उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। यदि हमें ट्राई सायकल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगी और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। ऐसे ही जनसुनवाई में नगर पालिका परिषद सीधी वार्ड ₹ मांक 4 से आई सुनीता भुजवा ने सीईओ जिला पंचायत को बताया कि उनके पिता गोबाई भुजवा से ही पैर से विकलांग हो जाने के कारण वे चलने में असक्षम है। वे गरीब परिवार से है व्हील चेयर खरीदने सक्षम नही है घर में या कही भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि हमें व्हील चेयर प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

उक्त दोनो आवेदकों की शारीरिक स्थिति को देखते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अंसू कुशवाहा को ट्राईसाइकिल तथा गोबाई भुजवा को व्हील चेयर प्रदान कराई। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से आवेदक बहुत खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एस.पी. मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ खोला शिवसेना ने मोर्चा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शिवसेना इकाई सीधी ने प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जहां शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्राइवेट स्कूल, ट्यूशन क्लास अवैध, गाइड लाइन के विपरीत अवैध फीस वसूली, पठन-पाठन सामग्री के नाम पर अवैध व्यापार, छात्र-छात्राओं से ड्रेस के नाम पर अवैध व्यापार, नियम विरुद्ध स्कूल संचालन सहित कई बिंदुओं पर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन पत्र सौंप कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस बीच शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया की यह हालात तो कुछ पूरे प्रदेश में है। लेकिन सीधी जिले में कुछ ज्यादा ही नजर आ रहा है। जहां शिक्षा के नाम पर खुला अवैध धंधा व्यापार चल रहा है।

प्राइवेट बिल्डिंग में कई स्कूल संचालन कर युवाओं की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जहां खेल ग्राउंड से लेकर किसी प्रकार की उचित सुविधा नहीं है जो शासन गाइडलाइन के विपरीत हैं।

जिस पर स्थानीय प्रशासन जिला कलेक्टर गंभीरता से इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जरूरी है। जिस संबंध में जिला कलेक्टर के नाम पत्र सौंपा गया है। उचित कार्रवाई न होने पर बहुत जल्द इस मामले में शिवसेना जिला मुख्यालय घेर कर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**ये भी रहे मौजूद:** इस बीच प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग संयोजक संत कुमार केवट, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला मंत्री सुनील रावत, नगर उपाध्यक्ष मोनू मिश्रा, नगर आयोजक राजन मिश्रा, पुस्पेंद्र त्रिपाठी, राजीव मिश्रा, आशीष चौहान, बालेंद्र शुक्ला सहित कई शिव सैनिक मौजूद रहे है।

## खनिज और यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# पन्ना के विभिन्न क्षेत्रों से रेत का अवैध परिवहन करने पर जब्त की 12 ट्रैक्टर-ट्राली



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के अजयगढ़ में खनिज और यातायात पुलिस ने मंगलवार को अलग-अलग क्षेत्रों से अवैध परिवहन करने पर रेत से भरे 12 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किए है। यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार ने बताया कि पन्ना नगर में रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्राली सड़कों से निकलते है, जिनसे स्कूली बच्चों सहित मॉर्निंग वॉक पर जाने वालों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। जिसको मद्देनजर रखते हुए मंगलावर को यातायात पुलिस ने खनिज विभाग के नगर के अलग-अलग स्थानों से 12 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किए गए हैं। जांच के दौरान वाहनों के कागजात नहीं पाए गए, साथ ही कुछ ट्रैक्टरों में कागजात की कमी पाई गई। जिन्हें पकड़कर यातायात थाने ले जाया गया। जहां से कार्रवाई के बाद सभी ट्रैक्टर ट्रालियों को खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया।

# थाना अमिलिया में बैरक निर्माण का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ

## आवास सुविधा सभी के लिए मूलभूत आवश्यकता : विधायक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अमिलिया सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों एवं चौकियों में कर्मचारियों के लिये आवास एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यो को प्राथमिकता से पूरा कराने के प्रयास किये जायेंगे। सभी के लिये आवास मूलभूत आवश्यकता है। उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक श्री विश्वामित्र पाठक ने थाना अमिलिया में बैरक निर्माण के भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किये।

विधायक श्री पाठक के अनुशंसा पर स्वीकृति थाना अमिलिया में बैरक निर्माण लागत 10 लाख रूपये कार्य का भूमि पूजन कार्यर₹ म विधायक सिहावल के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यर₹ म की अध्यक्षता श्रीमती पार्वती देवी सरपंच अमिलिया ने की।

भूमि पूजन कार्यक्रम विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ तत्पश्चात निर्माण स्थल पर अतिथियों ने पांच-पांच फावड़ा चलाकर कार्य की शुरुआत की। कार्यर₹ म के मुख्य अतिथि विधायक श्री पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आवास सभी के लिए आवश्यक है। सभी थानों एवं चौकियों में अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा कराना मेरी प्राथमिकता में है। विधायक ने सिहावल चौकी एवं बहरी थाना में बैरक निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. वर्मा ने कहा कि थाना एवं चौकियों में स्टाफ के रहने की सुविधाओं का अभाव है। माननीय विधायक ने बैरक निर्माण की स्वीकृति दिलाकर बहुत बड़ी सौगात दी है। इसके लिए हम आभारी हैं इससे स्टाफके रहने की सुविधा तो मिलेगी साथ ही कर्मचारियों की दक्षता तथा क्षमता में भी वृद्धि होगी। क्षेत्र को शांति युक्त एवं अपराध मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता में है।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अरविंद श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आशुतोष द्विवेदी एसडीओपी, राजेश पाण्डेय टी आई, शेषमणि मिश्रा चौकी प्रभारी सिहावल, जय शंकर द्विवेदी मंडल अध्यक्ष, सिद्धार्थ गौतम, गजराज सिंह, पुष्पेंद्र मिश्रा, गिरीश द्विवेदी, प्रदीप शुक्ला, संतोष शुक्ला, विश्वनाथ शाहू सहित पुलिस स्टाफ, पत्रकार, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# बाघ के हमले से बुजुर्ग की मौत

## बैंक से पैसा निकलवाने गया था, एक दिन बाद मिला शव




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र मोहन रेंज अंतर्गत चोकरी गांव के बूढी खोह में बाघ ने एक अधेड़ पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में मृतक ब्रम्हा सिहं पिता मल्लू सिहं (58) की मौत हुई है। हादसे के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

ग्रामीण राधेश्याम बैगा ने बताया कि मृतक ब्रम्हा सिंह 15 जुलाई को कुसमी बैंक से पैसा निकलवाने गया था। सोमवार से ही उसका कुछ पता नहीं था। काफी ढूंढने के बाद भी उनका पता नहीं चल पाया था। मंगलवार दोपहर में बुजुर्ग की लाश मिली। तब पता चला कि उसकी मौत बाघ के हमले से हुई है।

संजय टाइगर रिजर्व के मोहन पार्क के रेंजर सीएल कोल ने कहा कि चोकरी गांव मे टाइगर के हमले से एक वृद्ध की मौत हुई है। हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। तात्कालिक सहायता राशि परिजनों को सौंप दी गई है।

# पन्ना जिले में बारिश की लंबी खेंच

## तीन दिनों से नहीं हुई बारिश, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान, अब तक 252 मिमी वर्षा दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** एक तरफ जहां प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो रहे है। वहीं पन्ना जिले में इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा कम बारिश हो रही है। जिले में विगत तीन दिनों से बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं जिले में अब तक 252 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पिछली वर्ष 278.9 मिमी बारिश की की गई थी।

पन्ना जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई तक 252 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 278.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।लेकिन पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार कम बारिश हुई है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक वर्षामापी केंद्र सिमरिया में सर्वाधिक 310.8 मिमी और शाहनगर में सबसे कम 160.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पन्ना में 280 मिमी, देवेन्द्रनगर में 184.5 मिमी, गुनौर में 248.6 मिमी, अमानगंज में 264.4 मिमी, पवई में 307 मिमी, रैपुरा में 302.2 मिमी और अजयगढ़ में 209.8 मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है।

# विकास एवं निर्माण कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 17 जुलाई को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास ने जानकारी देकर बताया है कि विकास एवं निर्माण कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक क्षेत्रीय विधायकों की अध्यक्षता में किए जाने के शासन के निर्देशानुसार 17 जुलाई को प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट सीधी के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक विधायक सीधी रीती पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभाग से संबंधित विकास निर्माणध्हितग्राही मूलक कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से समय पर बैठक में उपस्थित रहे।

साथ ही जानकारी की 03 प्रति साफ्टकापी के साथ हार्ड कॉपी जनपद कार्यालय सीधी में उपलब्ध करावें।

# दलित महिला की जमीन पर कब्जा

## दबंगों ने की खेत में बुवाई, पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के सीगोन गांव में दलित महिला की पैतृक जमीन पर गांव के ही दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया। महिला ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता परवीन बरार(50) निवासी सीगोन की रहने वाली है। वह दिल्ली में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। वह केवल त्योहारों पर ही अपने परिवार सहित अपने गांव सीगोन आती हैं और पूरे साल दिल्ली में रहती है।

15 जुलाई को जब वह अपने गांव की जमीन की बुवाई करने आई और खेत पर गई तो देखा खेत की तो बुवाई हो चुकी थी। जानकारी निकाली तो पता चला कि गांव के ही मंगल सिंह द्वारा उनकी जमीन पर बुवाई कर ली गई।

जब महिला ने मंगल सिंह से बगैर पूछे जमीन पर बुवाई क्यों की पूछा तो वह भड़क गया और उसने महिला के साथ गाली गलौज कर अभद्र व्यवहार किया।

जिस पर पीड़ित महिला ने मंगलवार को दोपहर 1 बजे ईसानगर थाने पहुंचकर शिकायत की जिस पर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 296, 515(2), 351(2) बीएनएस, 3(1) द, ध, 3(2)(1) एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित महिला परवीन बरार ने बताया कि वह 15 जुलाई को जब वह दिल्ली से गांव आई तो उसकी जमीन पर गांव के दबंगों ने बुवाई कर दी थी। जिसकी शिकायत उसने ईसानगर थाने में दर्ज कराई है।

ईसानगर थाना प्रभारी किशोर कुमार पटेल ने बताया कि इस मामले में महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

# एक वृक्ष दस पुत्रों के समान देता है फल : अधि.घनश्याम सिंह

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण की महती आवश्यकता है, जंगल की अवैध कटाई, रोड़ों के विकास में पौधों के क्षरण से हमारे मानव जीवन में कितना बड़ा दुष्परिणाम होता है यह आज स्वयं देखने को मिल रहा है उक्त आशय के विचार वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह जी ने विंध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ के तत्वावधान में ललपा तालाब के पास आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत व्यक्त किया। उन्होने कहा कि एक पेड़ यदि हम तैयार कर दें तो वह दस पुत्रों के समान फल देता है, क्षत्रिय समाज संकल्प ले कि वह अपने घर एवं आसपास फलदार वृक्ष का रोपण कर रीवा को हरा भरा बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। विन्ध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए ललपा तालाब के पास स्थित शासकीय आवास के प्रांगण में सैकड़ो फलदार वृक्ष का रोपण किया गया इस अवसर पर संगठन के संरक्षक मान सिंह ताला हाउस ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पौधारोपण तो करते हैं लेकिन यह भूल जाते है कि पौधा तभी बड़ा होगा जब हम उसका संरक्षण करेगें उन्होने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि आप सभी लोग इन पौधों का संरक्षण करे जब तक कि ये वृक्ष का रूप धारण न कर लें। उन्होने कहा कि वृक्ष का रूप धारण करते ही हमें वो आक्सीजन प्रदान करेगें और हमारा जीवन रोग मुक्त होगा। संगठन के प्रदेश संयोजक रावेन्द्र सिंह बाघेला के मार्गदर्शन में करीब 100 फलदार पौधे जैसे आम, आंवला, गुलमोहर, नीम, अमरूद, शीशम सहित औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बाघेला ने कहा कि हमारा संगठन द्वारा रीवा नगर में वार्डवार करीब एक हजार पौधों का रोपण किया जायेगा और उनका संरक्षण संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के द्वारा समय-समय पर किया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित उदय सिंह जी सेवानिवृत्त डी.आई.जी., कुं.नीरज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वृक्षारोपण कार्यर₹ म में संगठन प्रभारी मंत्री मुनेन्द्र सिंह परिहार की अहम भूमिका रही। वृक्षारोपण अवसर पर नागेश सिंह, अनिल सिंह, गोपाल सिंह, महावीर गुप्ता, सुरेश दीक्षित, विवेक पाण्डेय, रमेश गिरी, डा.पुष्पेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र पटेल, अनिल सिंह, संजय सिंह, योगेद्र सिंह, जय सिंह, राजुल सिंह परिहार, विजय सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह, संतोष सिंह, रोहित सिंह, भवानी सिंह, अरुण सिंह, प्रदीप नारायण सिंह, रोहित वाल्मीक, दुर्गेश बाल्मीक, केदारनाथ सिंह सेंगर, श्रीमती प्रीती सिंह, अनीता दीक्षित, ललिता गुप्ता, उर्मिला सिंह, प्रभा सिंह, माण्डवी सिंह, अल्पना पाण्डेय सहित ललपा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बच्चे की मौत

## दो दिन पहले चक्काजाम करने वाले 22 लोगों के खिलाफ केस, भालूमाड़ा थाने का मामला




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** जिले की भालूमाड़ा थाना अंतर्गत पयारी (क्रमांक 2) में रविवार सुबह ट्रक बैक करते समय बाइक से टकराने पर 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। जिससे गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने लगभग 10 घंटे से अधिक समय तक चक्का जाम कर दिया था। मंगलवार को पुलिस ने चक्का जाम करने पर 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भालूमाड़ा थाना अंतर्गत दार सागर निवासी माखनलाल प्रजापति रविवार को अपने 8 वर्षीय बेटे अनुराग के साथ किसी काम के लिए निमहा गांव आए थे। तभी आमाडांड से भालूमाड़ा की ओर जा रहे ट्रक (क्रमांक सीजी,12 एस 6073) का चालक ट्रक को बैक करने लगा। ट्रक के पीछे खड़ी बाइक चपेट में आ गई।

बच्चे के पिता बाइक को पीछे खड़ा कर बाथरूम करने गए थे। इस दौरान बाइक के पास खड़ा 8 वर्षीय बालक चपेट में आ गया। इसके बाद इलाज के दौरान मौत बच्चे की मौत हो गई।

**परिजन और ग्रामीणों ने किया था चक्काजाम:** ट्रक की टक्कर से 8 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने ग्राम पयारी नंबर दो नर्सरी के पास स्थित हाईवे में चक्का जाम कर दिया था।

लगभग 10 घंटे तक चक्का जाम रहा। घटनास्थल पर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल मौके पर पहुंचे।

जहां मंत्री दिलीप जायसवाल लोगों को समझाइश दी और एसईसीएल ने परिजनों को 2 लाख रुपए एवं एक प्राइवेट क्षेत्र में नौकरी देने के आश्वासन के बाद चक्कर जाम खोला गया। लगभग 10 घंटे तक हाइवे बंद होने पर पुलिस ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

**इनके खिलाफ दर्ज हुआ मामला:** पुलिस ने अरविंद मिश्रा उर्फ महाकाल , सुरेंद्र केवट , राजा गुप्ता , दिलीप दुबे , मथुरा यादव ,गुड्डू चौहान , उदित नारायण मिश्रा ,संतोष जोशी, कौशलकेवट ,गोविंद पांडेय, नोखेलाल गुप्ता, शिवभान सिंह, जमुना केवट ,पाल सिंह ,रफी अहमद, अंकुश गुप्ता, पंकज तिवारी ,चंदन मिश्रा,गोविंद केवट, राजेंद्र केवट, सूरज पनिका, सूरज केवट के खिलाफ बीएनएस की धारा 191( 2 ), 126 ( 2 ),190, 324 (4) के तहत केस दर्ज किया है।

भालूमाड़ा थाना प्रभारी राकेश उईके ने बताया कि आवागमन अवरुद्ध होने की वजह से प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रहीं हैं।

## विचार

# धर्मोन्मूलन पर न्यायालय की चिन्ता और सरकार की उदासीनता

खबर है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय अनुसूचित जातीय-जनजातीय एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को क्रिश्चियनिटी अथवा इस्लाम में तब्दील किए जाने के व्यापक रिलीजियस-मजहबी अभियान चिंता जताते हुए कहा है इसे यदि रोका नहीं गया तो देश की बहुसंख्यक आबादी शीघ्र ही अल्पसंख्यक हो जाएगी या मुसलमान और तब देश की राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड जाएगी; अतएव सरकार कठोर कानून बना कर इस अभियान पर तत्काल रोक लगावे। ऐसी ही चिंता पिछले वर्ष सर्वोच्च न्यायालय भी जता चुका है। हालांकि दोनों ही न्यायालयों ने इसे %ईसाईकरण% अथवा 'इस्लामीकरण' की संज्ञा देते हुए ऐसा कहा है, किन्तु मेरा मानना है कि यह धर्मांतरण कतई नहीं है, अपितु यह तो 'धर्मोन्मूलन' है; क्योंकि बहुसंख्यक समाज धर्मधारी है और क्रिश्चियनिटी एक रिलीजन है, तो इस्लाम भी एक मजहब है। इन दोनों में से 'धर्म' कोई नहीं है, तो जाहिर है कि धर्मधारी लोगों को रिलीजन या मजहब में तब्दील कर देना उनके धर्म का उन्मूलन ही है 'अंतरण' तो कतई नहीं; यह धर्मांतरण तो तब कहलाता, जब एक धर्म से दूसरे धर्म में अन्तरण होता, अर्थात, क्रिश्चियनिटी और इस्लाम भी कोई धर्म होता। बहरहाल, धर्मोन्मूलन को धर्मान्तरण ही मानते हुए उच्च न्यायालय और उच्चत्तम न्यायालय ने सरकार को जो निर्देश दिया है सो त्वरित क्रियान्वयन के योग्य है। धार्मिक स्वतंत्रता की आड में धर्मधारी प्रजा (बहुसंख्यक हिन्दू समाज) के ईसाईकरण अथवा इस्लामीकरण का छद्म अभियान चला रहे रिलीजियस-मजहबी संस्थाओं को परोक्षत: करारा जवाब देते हुए उच्च न्यायालय ने यह भी कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि किसी धार्मिक व्यक्ति को धर्म से विमुख कर उसे रिलीजन या मजहब में तब्दील कर दिया जाए। बकौल न्यायालय, लोभ लालच प्रलोभन दे कर या भयभीत कर भोले-भाले (धार्मिक) लोगों का ईसाईकरण अथवा इस्लामीकरण किया जाना उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है। सर्वोच्च न्यायालय का तो यह भी मानना है कि इस प्रकार के अभियान से भारत राष्ट्र की एकता-अखण्डता व राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष खतरा उत्त्पन्न हो सकता है; अतएव इसे रोका जाना अनिवार्य है। जाहिर है सर्वोच्च न्यायालय की यह चिन्ता व मान्यता भारत के 'राष्ट्रीय युवा'- स्वामी विवेकानन्द और महान स्वतंत्रता सेनानी महर्षि अरविन्द के चिन्तन-उद्बोधन पर आधारित है । मालूम हो कि स्वामी विवेकानन्द ने कह रखा है कि धर्मांतरण एक प्रकार से राष्ट्रान्तरण है। धर्म से विमुख हुआ व्यक्ति जब 'रिलीजन' व 'मजहब' को अपना लेता है, तब वह प्रकारान्तर से भारत के विरुद्ध हो जाता है; क्योंकि धर्म तो भारत की आत्मा है, जबकि 'रिलीजन' व 'मजहब' अभारतीय अवधारणा हैं। इसी तरह से महर्षि अरविन्द का कथन है कि धर्म (सनातन) ही भारत की राष्ट्रीयता है और धर्मांतरण से भारतीय राष्ट्रीयता क क्षरण अवश्यम्भावी है। भारत के इतिहास और भूगोल में यह तथ्य सत्य सिद्ध हो चुका है। भारत-विभाजन अर्थात पाकिस्तान-सृजन और खण्डित भारत के भीतर यत्र-तत्र रिलीजियस-मजहबी जनसंख्या के बढते आकार से उत्त्पन्न विभाजनकारी पृथकतावादी आन्दोलन इसके प्रमाण हैं। सर्वोच्च न्यायालय की उपरोक्त चिन्ता को इसी परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। इसी कारण से महात्मा गांधी भी धर्मांतरण का मुखर विरोध करते रहे थे एवं चर्च-मिशनरियों की गतिविधियों पर लगातार सवाल उठाते रहते थे और यहां तक कह चुके थे कि स्वतंत्र भारत में धर्मांतरणकारी संस्थाओं का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। 'क्रिश्चियन मिशन्स- देयर प्लेस इन इण्डिया' नामक पुस्तक के 'टॉक विथ मिशनरिज' अध्याय में महात्मा गांधी के हवाले से कहा गया है कि भारत में आम तौर पर ईसाइयत का अर्थ भारतीयों को राष्ट्रीयता से रहित बनाना तथा उनका युरोपीकरण करना है। आगे वे कहते हैं- भारत में ईसाइयत अराष्ट्रीयता एवं युरोपीकरण का पर्याय हो चुकी है। चर्च-मिशनरियां धर्मांतरण का जो काम करती रही हैं, उन कामों के लिए स्वतंत्र भारत में उन्हें कोई भी स्थान एवं अवसर नहीं दिया जाएगा; क्योंकि वे समस्त भरतवर्ष को नुकसान पहुंचा रही हैं। भारत में ऐसी किसी चीज का होना एक त्रासदी है। सन 1935 में चर्च-मिशन की एक प्रतिनिधि से हुई भेंटवार्ता में महात्मा साफ कहा था- अगर सत्ता मेरे हाथ में हो और मैं कानून बना सकूं तो मैं धर्मांतरण का यह सारा धंधा ही बन्द करा दूंगा।( सम्पूर्ण गांधी वांग्मय- खण्ड 61) बावजूद इसके आज देश भर में ऐसी रिलीजियस-मजहबी संस्थाओं का जाल बिछा हुआ है, जो शिक्षा-स्वास्थ्य-सेवा के विविध प्रकल्पों और सामाजिक न्याय व समता-स्वतंत्रता के विविध आकर्षक सब्जबागों एवं विकास-परियोजनाओं की ओट में देसी-विदेशी धन के सहारे छलपूर्वक धर्मांतरण का धंधा संचालित कर रही हैं। इन संस्थाओं की कारगुजारियों के कारण यहां कभी 'असहिष्णुता' का ग्राफ ऊपर की ओर उठ जाता है, तो कभी 'अल्पसंख्यकों की सुरक्षा' का ग्राफ नीचे की ओर गिरा हुआ बताया जाता है। ये संस्थायें भिन्न-भिन्न प्रकृति और प्रवृति की हैं।

# घटता जलस्तर, काश! पंजाबियों के लिए ऐसा दिन कभी न आए

मंगत राम पासला

**काश! ऐसा मनहूस दिन पंजाबियों के लिए कभी न आए। लेकिन जब तक पंजाब सरकार, विपक्षी दल, विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक संगठन और पंजाब का नागरिक समाज एक साथ बैठकर इस गंभीर मुद्दे पर गहराई से चर्चा नहीं करता और पानी के अस्तित्व और शुद्धता को बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं करता, तब तक बातें करना फिजूल है। इस दु-स्वप्न से बचने का कोई रास्ता नहीं है जो निकट भविष्य में सशर्त सत्य बनने जा रहा है। निस्संदेह, पानी कृषि के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। पानी के बिना खेती करना असंभव है। लेकिन पंजाब की धरती पर रहने वाले विभिन्न व्यवसायों से जुड़े शहरों और कस्बों में रहने वाले लाखों भूमिहीन, साधनहीन श्रमिकों के लिए भी 'जल ही जीवन है' यानी जल ही उनके जीवन का मूल आधार है।**



पंजाब की मौजूदा स्थिति ऐसी है जैसे सड़क दुर्घटना में घायल कोई व्यक्ति खून से लथपथ सड़क के किनारे पड़ा हो लेकिन उसकी मदद करने की बजाय उसके पास खड़े व्यक्ति केवल यह कहते हुए आगे गुजर जाते हैं कि, "लगता है कि बचेगा नहीं?"पंजाब के भूजल स्तर के दिन-ब-दिन कम होते जाने का जिक्र अक्सर होता रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार राज्य के 130 में से 109 ब्लाकों में पानी खतरनाक स्तर तक नीचे चला गया है। पंजाबियों को अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए देश के 4 महानगरों में से एक चेन्नई के निवासियों की तरह भी दूसरे प्रांतों से आने वाली पानी से भरी विशेष ट्रेन का इंतजार करना पड़ सकता है। झीलों का शहर कहे जाने वाले बेंगलुरु के लोगों का भी यही हश्र देखा गया था। काश! ऐसा मनहूस दिन पंजाबियों के लिए कभी न आए। लेकिन जब तक पंजाब सरकार, विपक्षी दल, विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक संगठन और पंजाब का नागरिक समाज एक साथ बैठकर इस गंभीर मुद्दे पर गहराई से चर्चा नहीं करता और पानी के अस्तित्व और शुद्धता को बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं करता, तब तक बातें करना फिजूल है। इस दु-स्वप्न से बचने का कोई रास्ता नहीं है जो निकट भविष्य में सशर्त सत्य बनने जा रहा है। निस्संदेह, पानी कृषि के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। पानी के बिना खेती करना असंभव है। लेकिन पंजाब की धरती पर रहने वाले विभिन्न व्यवसायों से जुड़े शहरों और कस्बों में रहने वाले लाखों भूमिहीन, साधनहीन श्रमिकों के लिए भी 'जल ही जीवन है' यानी जल ही उनके जीवन का मूल आधार है। इसलिए इस मुद्दे का समाधान निकालते समय न केवल किसानों, बल्कि पूरे पंजाबियों के हित का ध्यान रखना होगा। इस हेतु धान के स्थान पर कम पानी के उपयोग वाली फसलें लगाने की ठोस योजना बनाना आवश्यक है। इसके अलावा, सरकार को किसान संगठनों द्वारा सुझाए गए फॉर्मूले के अनुसार लाभकारी मूल्य पर इन फसलों की गारंटीकृत खरीद की व्यवस्था भी करनी होगी। दुर्भाग्य से कोई भी दल इस गंभीर मुद्दे पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा है। प्रदेश का पर्यावरण इतना प्रदूषित हो गया है कि कभी-कभी सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। ओवरफ्लो के कारण अक्सर सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है और दुर्गंध छोड़ता है। अक्सर यह सड़ता हुआ पानी लोगों के घरों में भी घुस जाता है। हर दिन हम सीवरेज पाइपों के रिसाव, पीने के पानी के पाइपों में मिश्रण के कारण प्रदूषण की कई शिकायतें सुनते हैं, जो मौजूदा सीवरेज प्रणाली के खराब प्रदर्शन का संकेत देते हैं। लेकिन कई जानलेवा बीमारियों को फैलाने वाली इस समस्या का समाधान ढूंढने की सरकारी कोशिशें कहीं नजर नहीं आ रही हैं। सरकार और नौकरशाही ने अपनी आंखें और कान बंद कर लिए हैं। सरकारों और मुनाफे के भूखे अमीर लोगों की इस असंवेदनशीलता का शिकार पंजाब के सभी लोग हो रहे हैं, लेकिन इस मामले में सबसे बुरी स्थिति मालवा के दक्षिणी जिलों में रहने वाले लोगों की है जो सतलुज नदी का पानी पीते हैं। वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रण द्वारा शुद्ध करने के उपाय सरकार के एजेंडे में ऊपर नहीं हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की सारी मेहनत अमीर लोगों की सेवा करने और गरीब लोगों से बिना टैक्स वसूले हुए धन की छवि चमकाने के लिए प्रचार के माध्यम से बर्बाद हो जाती है। जरूरतमंद लोगों को सस्ती और मुफ्त बिजली, आटा-दाल योजना और अन्य जरूरी चीजें ही नहीं बल्कि जीवन की सभी सुविधाएं मिलनी चाहिएं। आखिर क्यों इन सरकारी योजनाओं का लाभार्थी महंगी कारों के मालिकों, अच्छी आर्थिक स्थिति वाले लोगों को बनाया जाता है। कई सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे और क्यों करोड़ों लोगों को मरने के बाद भी मिलता रहता है? जो अचल संपत्तियां उच्च वर्ग के लोगों, अधिकारियों और अमीरों की मदद से हजम की जा रही हैं, उन्हें समुदाय के एक हिस्से की मदद से हजम किया जा रहा है, क्या यह उनके साथ घोर अन्याय नहीं है कि हमें कृषि के लिए मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए? किसी सरकारी अस्पताल या सार्वजनिक सेवा से संबंधित किसी भी संस्थान के आकस्मिक निरीक्षण से यह आसानी से पता चल सकता है कि ये संस्थान आवश्यक मशीनरी और उपकरण, दवाओं और विशेषज्ञ कर्मचारियों के बिना कैसे चलाए जा रहे हैं। पंजाब के कई गांवों-शहरों में सरकारी अस्पतालों के अलावा प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई.) के भारी योगदान से शानदार इमारतों वाले अस्पताल भी खोले गए हैं। हालांकि, सरकार द्वारा आवश्यक डाक्टरों, सहायक कर्मचारियों, दवाओं और उपकरणों आदि की आपूर्ति की जिम्मेदारी से बचने के कारण, आवारा जानवरों और पक्षियों ने इन इमारतों में घौंसले बना लिए हैं। यदि पंजाब सरकार 'मोहल्ला क्लीनिक' का नाटक करने की बजाय पहले से स्थापित स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को ही नष्ट कर दे, तो पंजाब में बहुत से लोग महंगे निजी अस्पतालों के अत्यधिक खर्चों के डर से बिना इलाज के ही मर जाएंगे। गरीबों से लेकर निम्न मध्यम वर्ग के लोगों की जान बचाई जा सकती है। शैक्षणिक ढांचे की भी यही दुर्दशा की गई है। आज गरीब और निचले तबके के लोगों के लिए शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। यह मध्यम वर्ग के लोगों की पहुंच से बाहर हो गई है। बहुत से युवा भ्रमित एवं पथभ्रष्ट होकर लूट, डकैती एवं आपराधिक घटनाओं एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देकर राज्य की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचना को खराब कर रहे हैं।

# गहराते वायु प्रदूषण से एनीमिया की चपेट में महिलाएं

एनवायरनमैंटल एपिडेमियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि पी.एम. 2.5 के स्तर में हर 10 माइक्रोग्राम प्रति मीटर क्यूब की वृद्धि के लिए, औसत हीमोग्लोबिन के स्तर में 0.07 ग्राम प्रति डी.एल. की कमी होती है। अगर हम देखें तो पाएंगे एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें खून में पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाएं या हीमोग्लोबिन नहीं होता है। इससे शरीर के अंगों में ऑक्सीजन का फ्लो कम हो जाता है इसके कारण शरीर जल्दी थक जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अब तक एनीमिया को पोषण की कमी के तौर पर देखा जाता था। लेकिन पोषण की कमी के साथ अब वायु प्रदूषण भी एनीमिया का कारक बन रहा है। महिला स्त्री रोग विशेषज्ञों के अनुसार भले सरकार एनीमिया मुक्त भारत के लिए तमाम प्रयास कर रही है। कई पोषण अभियान चलाए गए हैं। इनके बावजूद वायु प्रदूषण के कारण एनीमिया के जोखिम महिलाओं को घर के अंदर का वायु प्रदूषण ज्यादा इफैक्ट करता है। घर के अंदर की हवा केवल खाना बनाने से नहीं बल्कि रोशनी और गर्मी से भी दूषित होती है। कटते जंगल, खत्म होती हरियाली, शहरीकरण अब तेजी से बढ़ा है। घरों में इंडोर प्लांट्स और किचन गार्डन का कांसैप्ट भी खत्म हो चुका है। महिलाएं अपनी शारीरिक संरचना, प्रजनन, संतुलित आहार न लेने, रसोई में अधिक समय बिताने और आृथक रूप से स्वतंत्र न होने के कारण वायु प्रदूषण से अधिक प्रभावित होती हैं। 'लैंसेट' पत्रिका के अध्ययन में कहा गया है कि वायु प्रदूषण भारत में सालाना करीब 23 लाख से अधिक असमय मौतों का कारण बनता है। वहीं 'आईक्यूएयर' का कहना है कि भारत ने अब दुनिया के तीसरे सबसे प्रदूषित देश का स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में



भारत की वायु गुणवत्ता औसत वाृषक पीएम 2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में सालाना 10-30 हजार लोग वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मर रहे हैं। आई.आई.टी. मुंबई के जानकारों ने दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर जो शोध किया उसके मुताबिक दिल्ली में सालाना मौत का यह आंकड़ा 14,800 है। वायु प्रदूषण पर नजर रखने वाले एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडैक्स (ए.क्यू.एल.आई.) और शिकागो विश्वविद्यालय स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीच्यूट के ताजा अध्ययन में कहा गया है कि उत्तर भारत में खराब हवा के कारण सामान्य इंसान की जिंदगी करीब 7.5 साल कम हो रही है। पिछले सालों में कम से कम 3 प्रतिष्ठित रिपोर्ट्स ने कहा कि भारत में 10 से 12 लाख लोग प्रदूषित हवा से मर रहे हैं। पहले लैंसेट रिपोर्ट जिसने 2015 में 10 लाख भारतीयों के वायु प्रदूषण से मरने की बात कही है। जो महिलाएं खाना पकाने के लिए लकड़ी का उपयोग करती हैं, वे प्रदूषण से संबंधित बीमारियों से पीड़ित होती हैं। वहीं गोबर की आग से निकलने वाले धुएं से श्वसन और फेफड़ों की बीमारियां, ब्रोंकाइटिस आदि होती हैं। रसोई संबंधी गतिविधियों के दौरान गैस स्टोव का उपयोग करने और मास्क पहनने की सलाह दी जाती है। स्त्री रोग विशेषज्ञ वायु प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों, विशेषकर श्वसन संबंधी समस्याओं से ग्रस्त लोगों को मास्क पहनने की सलाह देते हैं। वे प्रदूषण के खिलाफ शरीर को मजबूत बनाने के लिए योग, व्यायाम और पौष्टिक आहार की वकालत करते हैं। स्वच्छ हवा की वकालत करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि सभी सरकारों को इस समस्या के समाधान के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए देशव्यापी प्रयासों की जरूरत है, जैसे प्लास्टिक और टायर जलाने पर रोक लगाना। हालांकि अभी हालात में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। पूरे दक्षिण एशिया में महिलाएं वायु प्रदूषण से बड़ी संख्या में बीमार पड़ रही हैं। सभी इस बात को स्वीकार करते हैं कि हरे-भरे स्थान जीवन और स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, इसलिए हमें पर्यावरण अनुकूल बनना होगा।

### रायगढ़ में महिला के सती होने की खबर

# बेटा बोला-मां कहती थी उनके साथ चली जाऊंगी, फॉरेंसिक टीम ने लिए अस्थियों के सैंपल





**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ निप्र।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पति के दाह संस्कार के बाद पत्नी लापता है। उसका चश्मा, साड़ी और चप्पल चिता के पास ही मिले हैं। इसके बाद महिला के बेटे का कहना है कि उसकी मां पिता के साथ चिता में जलकर सती हो गई है। मामला चक्रधर थाना क्षेत्र का है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। टीम ने चिता से अस्थियों के सैंपल लिए हैं। हालांकि अभी पता नहीं चल सका है कि अस्थियां एक व्यक्ति की हैं या दो की। फिलहाल पुलिस महिला की गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**जयदेव गुप्ता की कैंसर की वजह से हुई मौत:** चिटकाकानी में रहने वाले जयदेव गुप्ता (65) की कैंसर की वजह से रविवार को मौत हो गई। इसके बाद शाम करीब 5 बजे उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। रात करीब 11 बजे परिजनों ने देखा तो जयदेव की पत्नी गुलापी गुप्ता (57) घर से गायब थीं। इस पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी ढूंढने के बाद परिजन आशंका के चलते श्मशान घाट पर पहुंचे। वहां जयदेव की चिता के पास ही गुलापी का सामान पड़ा हुआ था। ऐसे में परिजनों का कहना है कि महिला की पति की चिता में जल कर मौत हुई है।

**गांव भर से पूछताछ:** बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में परिजनों से लेकर गांव भर के कई लोगों से पूछताछ कर बयान ले रही है। रात 11 बजे के बाद किसी ने महिला को नहीं देखा। ऐसे में कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

पांच घंटे पहले जली चिता में कोई लेटे तो क्या किसी की मौत हो सकती है? चिता में लेटने के लिए चप्पल, साड़ी एक जगह क्यों छोड़ी गई?

रात में घर से निकलते और मुक्तिधाम तक जाते क्या किसी ने नहीं देखा?

**बेटा बोला- रात में घर से निकल गई मां:** जयदेव गुप्ता के बेटे सुशील गुप्ता ने बताया कि पापा कैंसर से पीड़ित थे। मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे। सोमवार को उनकी जान चली गई। पिता का अंतिम संस्कार शाम को किया गया। इसके बाद मां रात में घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई। आसपास तालाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। बाद में पिता के चिता के पास जाकर देखा तो उनकी साड़ी, चश्मा और चप्पल मिली है।

**मौत जलने से या कोई अन्य कारण:** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि विशेष फॉरेंसिंक और मेडिकल टीम की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। सभी परिवार वालों का बयान लिया जा रहा है। किसी व्यक्ति ने 11 बजे के बाद महिला को नहीं देखा है। महिला की मौत जलने से हुई है या अन्य कोई कारण है इसकी जांच की जा रही है।

## कलेक्टर के संज्ञान पर धरमसाय को मिला तत्काल मोटराइज्ड ट्राई साइकिल



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** श्री धरमसाय यादव पिता रूदमन यादव ग्राम पंचायत व तहसील नागपुर का निवासी है। श्री धरमसाय यादव शत.प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण चलने फिरने तथा एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

उन्होंने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए जनदर्शन में आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करते हुये दिव्यांग धरमसाय को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने निर्देशित किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक रमेश सिंहा ने कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेंद्रगढ़ के सामने समाज कल्याण विभाग कार्यालय में धरमसाय को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया। धरम साय तथा उनके सहयोगियों ने मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने पर छ.ग. शासन, जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग का प्रसन्नता व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि आवेदन पर तत्काल कार्रवाई की गई। ट्राई साइकिल प्राप्त होने पर अब आने जाने में सुविधा प्राप्त होगी।

## सुसाइड का लाइव वीडियों

### पेड़ के नीचे खड़े होकर सिगरेट पी, फिर रस्सी के फंदे पर झूल गया युवक



**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर निप्र।** जगदलपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि उसने पेड़ के नीचे खड़े होकर पहले सिगरेट पी, इसके बाद पेड़ पर चढ़ा और झूलने के लिए लगाए गए रस्सी के फंदे पर झूल गया। तड़पते हुए उसकी मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, युवक का नाम अभय बघेल (21 वर्ष) है। वह जगदलपुर के आमागुड़ा का रहने वाला था। सोमवार को उसने घर में परिवार के साथ खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया था। अचानक रात में उठकर पास ही स्थित शहीद स्मारक के पीछे वाले इलाके में पहुंच गया।

**पहले सिगरेट पी, फिर फांसी पर झूल गया:** अभय ने यहां पेड़ के पास खड़े होकर पहले सिगरेट पी। इसके बाद पेड़ पर चढ़ा और पहले से लगी रस्सी के फंदे पर झूल गया। थोड़ी देर तड़पने के बाद उसने दम तोड़ दिया। पेड़ पर लगी रस्सी बच्चों ने झूलने के लिए लगाई थी। इधर, सुबह हुई तो अभय घर में नहीं था। परिवार के लोग उसे तलाशने लगे। इसी दौरान घर से करीब 100 मीटर दूर ही पिता ने उसकी लाश फंदे से लटकती हुई देखी। ये मंजर देखकर वे घबरा गए और रोते हुए बाकी परिवार वालों को ये बात बताई।

**सुसाइड की वजह तलाश रही पुलिस:** इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। अभय ने सुसाइड क्यों किया है यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस उसका मोबाइल खंगाल रही है। साथ ही परिजनों से पूछताछ कर आत्महत्या की वजह तलाशने की कोशिश की जा रही है।

**सीसीटीवी में कैद हुआ आत्महत्या का मंजर:** जिस जगह अभय ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, वहां पास में ही एक बिल्डिंग हैं। बिल्डिंग के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। जिसमें उसके सुसाइड करने का पूरा मंजर कैप्चर हो गया।

### मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 1 की मौत

## 20 घायल, खैरझीटी से सारंगढ़ जा रहे थे, सभी एक ही गांव के रहने वाले



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मजदूरों से भरी तेज रफ्तार पिकअप पलटने से 1 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सारंगढ़ थाना क्षेत्र में जंगल रोड पर हुआ है। मरने वाले व्यक्ति का नाम छबीलाल जोल्हे (45 वर्ष है), जो सारंगढ़ का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक पिकअप में खैरझीटी गांव के मजदूर सवार थे, जो सारंगढ़ जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप पलट गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा:** शुरुआती जांच में पता चला है कि पिकअप की रफ्तार बहुत तेज थी, जिसके कारण ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार को 25 हजार रुपए की आकस्मिक सहायता राशि दी गई है।

### नारियल छिलने के औजार से कर्मचारियों पर हमला

# 8 बदमाशों ने लॉन्ड्री वर्कशॉप में घुसकर की मारपीट, पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** राजधानी रायपुर में 8 लड़कों ने एक वर्कशॉप में घुसकर जमकर मारपीट की है। लड़कों ने वर्कशॉप में काम कर रहे कर्मचारियों को नारियल छीलने के औजार और चाकू से मारा था। इस बात के पीछे की वजह पानी का बोर चालू करने में देरी थी। इस मामले में आमानाका पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला है।

इस मामले में प्रार्थी खेमचंद चौधरी ने पुलिस में [illegible] दर्ज करवाते हुए बताया कि वह अटल आवास के पास एक लॉन्ड्री वर्कशॉप में काम करता है। 14 जुलाई की रात साढ़े 9 बजे के करीब वह अपने दोस्तों रवि उमेश और सुनील के साथ बैठा हुआ था।

**वर्कशॉप के बोर को चालू करने कहा:** वर्कशॉप से लगे अटल आवास मोहल्ले के गोलू जगत, ऋषभ, यशवंत, सूरज नेताम और कुछ अन्य लोगों ने उसे वर्कशॉप के बोर को चालू करने के लिए कहा। बोर चालू करने में वर्कशॉप के कर्मचारियों को देरी हो गई।

इस बात से ऋषभ नेताम और उसके अन्य दोस्त नाराज हो गए। उन्होंने वर्कशॉप के शटर को पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद चाकू और नारियल छीलने जैसे औजार से कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट कर दी।

**थाने से निकला जुलूस:** पुलिस ने इस मामले में शामिल 8 आरोपी ऋषभ नेताम, सूरज नेताम, विशाल उर्फ गोलू जगत, आदित्य नाग, यशवंत सोनी, जय सोनी और रमाकांत यदु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का थाने से जुलूस भी निकाला है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना- किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान से मिलेगी राहत

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कृषि विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियों को इस बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सकें।

छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। किसान मुख्य फसल धान सिंचितए असिंचित तथा अन्य फसल मक्का, उड़द,कुटकी इत्यादि फसलों का बीमा करा सकते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाली नुकसान से राहत दिलाई जाती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार होए शामिल हो सकते हैं। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराना चाहते हैं वे नियत तिथि के पूर्व अपना फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पंचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। किसान बैंक अथवा चॉईस सेंटरों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार बेमेतरा, बस्तर, कोरिया बीजापुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीरधाम, जांजगीर.चांपा, गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सक्ती और कांकेर जिला के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, राजनांदगांव, धमतरी, कोरबा, जशपुर, नारायणुर, खैरागढ-छुईखदान-गंडई, महासमुन्द, रायगढ़, सूरजपुर और कोण्डागांव जिला के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा दुर्ग, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सुकमा, मुंगेली, सरगुजा, बलौदाबाजार, भाटापारा, बालोद, रायपुर, दंतेवाड़ा, बलरामपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है। किसानों से अपील की गई है कि वे अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा कराकर अधिक से अधिक योजना का लाभ लें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा नजदीकी बैंक शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

### स्कूल का प्रिंसिपल निकला हिंसा का मास्टरमाइंड

## मोहन बंजारे पूरे आंदोलन में मंच संचालक था, रणनीति बनाई, लोगों को भड़काया



**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार निप्र।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में लगातार गिरफ्तारी हो रही है। पुलिस के मुताबिक हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता मोहन बंजारे को गिरफ्तार किया गया है। मोहन बंजारे ने ही आंदोलन के दिन मंच संचालन किया था। साथ ही भड़काऊ भाषण भी दिया था।

मोहन बंजारे को पुराना धमतरी रोड रायपुर से और तीन आरोपियों को रायपुर, मोवा और भिलाई से पकड़ा गया है। 10 जून को हुई हिंसा के बाद से अब तक कुल 163 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, हस्दै विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा भी शामिल हैं। इनके अलावा भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव को भी पुलिस ने हिंसा मामले में पकड़ा है।

पुलिस मोहन बंजारे की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी, आरोपी की ट्रेसिंग से पता चला कि वह पुराना धमतरी रोड रायपुर के आसपास दिनेश बंजारे के साथ छिपा हुआ है। पुलिस ने दोनों को रविवार को गिरफ्तार की है।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में 3 गिरफ्तार

## नाबालिग ने लड़की का बनाया वीडियो, दो साइट पर किया था वायरल, मोबाइल जब्त



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** कोरबा जिले में अश्लील वीडियो से संबंधित एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उस मोबाइल को जब्त कर लिया है जिसका उपयोग इस काम में किया गया था। इसके साथ ही दो साइट पर वीडियो अपलोड करने को लेकर 3 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, उरगा पुलिस ने अश्लील वीडियो के एक मामले में शुभम, कमल दास और परसराम को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा कि किशोरी 12 साल की स्कूली छात्रा है। वहीं छात्रा और एक किशोर दोनों गांव के पास अश्लील हरकत कर रहे थे, जिसके बाद कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया। उसके बाद वायरल भी होने लगा। कुछ दिन बाद अन्य साइट पर भी अपलोड किया गया।

**गांव में किशोरी से अश्लील हरकत का नाबालिगों ने बनाया वीडियो:** एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से अश्लील हरकत पिछले दिनों की गई थी, जिसका वीडियो नाबालिगों के द्वारा ही बनाया गया था। बाद में उसे द वॉयस और एक अन्य साइट पर अपलोड कर दिया गया।

**तीन आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल भी जब्त:** शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया। जांच और तथ्य के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले नाबालिग के कब्जे से संबंधित मोबाइल को भी बरामद कर जब्त कर लिया गया है।

# ज्वेलरी शॉप से 40 लाख की चोरी

### मालिक ने आवाज लगाई तो हमला भी किया फिर बाइक छोड़कर भागे, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस







**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दामोदर ज्वेलर्स में 40 लाख की चोरी हुई है। 3 से 4 नकाबपोशों ने सोमवार देर रात दुकान का ताला तोड़कर ज्वेलरी चुरा ली। घटना के समय दुकान के मालिक और उनका परिवार शादी में शामिल होने बिलासपुर गया हुआ था। पूरा मामला सीपत थाना क्षेत्र के नवाडीह का है।

जानकारी के मुताबिक जब दुकान मालिक अपने परिवार के साथ घर लौटा तो चोर चोरी करने में लगे थे, जब दुकानदार ने आवाज लगाई तो उस पर हमला कर दिया। इससे डर कर वह दुकान से थोड़ी दूर चले गए। चोरों ने दुकान में तोड़फोड़ की और जेवर लेकर भाग गए।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** दुकान मालिक ने तत्काल इसकी सूचना सीपत पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक चोर भाग निकले थे। डॉग स्क्वायड और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना स्थल से एक बाइक भी बरामद की गई है, जिसे पुलिस जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है।

**चोरी की वारदात से लोगों में नाराजगी:** स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में ऐसी घटना घटी हो। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने पुलिस से इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, ताकि चोरी की घटनाओं को रोका जा सके।

**पुलिस को मिले कई अहम सुराग:** सीपत थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। डॉग स्क्वायड की टीम ने घटना स्थल की जांच की है। कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इसके साथ ही, सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा कर रही है।

## बोहरा समाज ने किया इमाम हुसैन को याद

### बोहरा समाज ने योमे आशूरा मनाया, मुर्तजा बिन कैजार ने इमाम हुसैन की शहादत पढ़ी



**मीडिया ऑडीटर, गुना निप्र।** हिजरी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम के प्रथम दस दिवस बोहरा समाज में इमाम हुसेन और उनके परिवार पर ढाए जुल्मो सितम को दर्द के साथ याद कर मनाए जाते हैं। यह सिलसिला 1400 वर्षों से पूरी दुनिया मे अनवरत जारी हैं। स्थानीय बोहरा मस्जिद में भी मुहर्रम की दूसरी तारीख से वाज प्रवचन का सिलसिला जारी हे। मंगलवार दसवी मुहर्रम को बोहरा समाज ने योमे आशूरा मनाया। मुम्बई से आए मुर्तजा बिन कैजार ने इमाम हुसैन की शहादत पढ़ी। इमाम हुसैन और उनके पूरे परिवार जिसमे 6 महीने के छोटे बच्चे, नन्ही बच्चियां महिलाएं आदि शामिल थे।

मुर्तजा बिन कैजार ने कहा कि पूरा कुनबा तीन दिन की भूख और प्यास से बेहाल था। छोटे बच्चे माओं की गोद में दुबके बेठे थे। उनमे इतनी ताकत भी नही बची थी के आवाज निकल सके। कत्लेआम के पश्चात हुसैन के परिवार की महिलाओं को कर्बला से 900 किलोमीटर दूर शाम ऊंटों पर लादकर तथा उनके एकमात्र जीवित बचे पुत्र इमाम ज़ेनुलआबेदीन को कोड़े मरते हुए पैदल ले जाया गया। वहां यज़ीद के दरबार में इमाम हुसैन की मासूम पुत्री को पिता की याद में रोता देख हुसैन का कटा सिर थमा दिया गया जिसके कारण दहशत में उस बच्ची ने वहीं दम तोड़ दिया।

धर्मगुरु के प्रवचन कराची मेंबोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन इन दिनों पाकिस्तान के कराची शहर में प्रवचन कर रहे हैं। जिसका प्रसारण पूरी दुनिया में आठवी मुहर्रम रविवार को पूरे देश के साथ गुना मस्जिद में भी किया गया। पहले दिन से ही बोहरा जमात खाने में दोनों समय के भोजन की व्यवस्था धर्मगुरु साहब की ओर से रखी गई है। कार्यक्रम का समापन मंगलवार को आशूरा पर्व के साथ हो जाएगा। इस वर्ष समस्त सेवाओं और व्यवस्थाओं का जिम्मा रियाज जमा एवं मुस्तफा जमा द्वारा बखूबी संभाला गया।

## सुबह 4 से 7 बजे तक तेज बारिश

### 24 घंटे में 1 इंच से ज्यादा बरसा पानी, इस सीजन में 9 इंच से ज्यादा बारिश, दिन में भी तेज बारिश के आसार

**मीडिया ऑडीटर, इंदौर निप्र।** इंदौर में मंगलवार तड़के चार बजे से गरज चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इससे कई इलाकों में पानी जमा हो गया। बीआरटीएस पर भी पानी जमा होने से राहगीरों को दिक्कतें आईं। करीब तीन घंटे के बाद बारिश थम गई। पिछले 24 घंटों में एक इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। इस सीजन में अब तक 9 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में 1 इंच कम है। सुबह से बादलों के छाए रहने के साथ बीच-बीच में धूप भी निकल रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज भी तेज बारिश के आसार जताए हैं।

जुलाई का तीसरा सप्ताह शुरू हो चुका है और अब तक इस माह में चार इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। जबकि इस माह की औसत 12 इंच बारिश होती है। जून में जून में सिर्फ 4 इंच बारिश के बाद इस बार जुलाई से उम्मीदें हैं।

अगले हफ्ते से सावन शुरू हो जाएगा। इंदौर में बारिश का कोटा 37 इंच का है। इसका आधा आधा कोटा सावन में ही हो जाता है। मौसम वैज्ञानिकों ने 16 जुलाई को इंदौर संभाग में तेज बारिश के आसार जताए हैं।

दरअसल, इस बार जुलाई माह में आधा इंच भी बारिश नहीं हुई जबकि दूसरे हफ्ते में करीब 4 इंच बारिश हुई। सोमवार को भी सुबह से घने बादल छाए। फिर 12 बजे बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में कहीं रिमझिम तो कहीं हल्की बारिश हुई। फिर मंगलवार तड़के अच्छी बारिश हुई। मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक 36.6 मिमी (एक इंच से ज्यादा) रिकॉर्ड की गई।

# प्रेमी से पति की हत्या कराई, फिर शाबाशी दी

### क्राइम सीरियल देखकर रची साजिश, प्रेमी को फोन पर गाइड करती रही

**मीडिया ऑडीटर, दतिया निप्र।** 'मैं नहीं चाहती थी कि पति केशव जिंदा रहे, इसलिए क्राइम पेट्रोल देखकर हत्या की स्क्रिप्ट मैंने ही लिखी। प्रेमी को मैं ही गाइड कर रही थी कि हत्या किस तरह करनी है। केशव की हत्या के बाद मैंने प्रेमी कमलेश को शाबाशी भी दी थी। उसकी मौत के बाद मैं कमलेश से कोर्ट मैरिज करना चाह रही थी, लेकिन सफल नहीं हो सकी।

पुलिस को यह बयान एक महिला ने अपने पति की हत्या करवाने के बाद दिया। दिल दहला देने वाली यह कहानी है केशव जाटव मर्डर केस की। दतिया के वारिया गांव निवासी केशव (46) की 11 जुलाई को झांसी की रक्सा थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने पड़ताल की तो मुख्य किरदार पत्नी ही निकली।



**पत्नी की चोरी तीन महीने पहले पकड़ी गई:** केशव जाटव किसानी के साथ ही दूसरे काम भी किया करता था। उसके घर दतिया के उनाव बालाजी थाना क्षेत्र के धवाई गांव निवासी कमलेश (36) का घर पर आना-जाना था। दोनों दूर के रिश्तेदार थे। करीब 5 साल पहले कमलेश और केशव की प%ी लक्ष्मी की बातचीत शुरू हुई।

बातचीत जल्द ही दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। मोबाइल से शुरू हुआ बातों का सिलसिला मेल-मुलाकात तक पहुंच गया। दोनों केशव से छिप-छिपकर मिलने लगे। करीब तीन महीने पहले उनकी चोरी पकड़ी गई। केशव ने अपना परिवार बचाने के लिए कमलेश को घर आने से मना कर दिया। यह बात कमलेश और लक्ष्मी को नागवार गुजरी।

**लक्ष्मी ने कहा- केशव को मार डाला, तुमसे शादी करूंगी:** पुलिस के अनुसार, कमलेश और लक्ष्मी का मिलना-जुलना बंद हुआ तो दोनों आगबबूला हो गए। केशव के पैनी निगाह रखने के बाद भी वे मिलने की कोशिश करते रहे। करीब दो महीने पहले एक दिन दोनों की मुलाकात हुई तो बात बड़ी वारदात को अंजाम देने तक पहुंच गई। लक्ष्मी ने कमलेश से कहा- वह उसके बिना नहीं रह सकती। कमलेश ने भी लक्ष्मी से यही बात दोहराई।

लक्ष्मी ने कमलेश से कहा- तुम केशव को रास्ते से हटा दो। इसके बाद हम कोर्ट मैरिज कर लेंगे। कमलेश लक्ष्मी की बात सुनकर शॉक्ड रह गया। उसने उस समय हामी भर दी, लेकिन हत्या करने को लेकर आगे-पीछे होता रहा। करीब दो महीने तक लक्ष्मी के दबाव बनाने के बाद कमलेश तैयार हो गया।

लक्ष्मी की साजिश के अनुसार कमलेश ने 8 दिन पहले बडौनी थाना क्षेत्र के गांव राव में रहने वाले अपने ममेरे भाई रवि अहिरवार को बुलाया और उसे पूरी कहानी बताई। उसे इस गुनाह में शामिल कर लिया। फिर तीनों केशव के मर्डर के लिए मौका ढूंढने लगे।

**शादी का निमंत्रण आया तो बना प्लान:** पुलिस के अनुसार, केशव के साले के बहनोई जितेंद्र अहिरवार की बेटी की 11 जुलाई को झांसी के कोटखेरा गांव में शादी थी। शादी का निमंत्रण केशव के अलावा कमलेश और रवि को भी आया था। यही मौका उनको हत्या के लिए सबसे मुफीद लगा। कमलेश ने केशव को शादी में चलने के लिए राजी किया। दोनों बाइक से कोटखेरा गांव के लिए रवाना हो गए। कमलेश ने रवि को पहले ही इंदरगढ़ के भांडेर तिराहा पर बुला लिया था। रवि मिला तो उसे भी बाइक के पीछे बैठा लिया। बीच में केशव बैठा था और कमलेश बाइक चलाने लगा।

**शराब में कीटनाशक मिलाकर पिलाया:** कोटखेरा गांव के पास नहर किनारे सुनसान जगह पर कमलेश ने बाइक रोक दी। कहा कि शराब पीकर शादी में चलेंगे। वहां से शादी स्थल की दूरी करीब 500 मीटर थी। केशव शराब का शौकीन था और पार्टी की बात सुनते ही वह राजी हो गया। दोनों आरोपियों ने शराब में कीटनाशक मिलाया और वही शराब केशव को पिला दी। थोड़ी देर बाद केशव अचेत हो गया तो दोनों आरोपियों ने उसी के गमछे से गला घोंट दिया। उन्होंने शव वहीं फेंक दिया और शादी में शामिल होने चले गए। 12 जुलाई की सुबह केशव का शव पुलिस को मिला।

**भाई के शक पर पकड़ाए पत्नी-प्रेमी:** हत्या की सूचना मिलते ही केशव का बड़ा भाई कालीचरण मौके पर पहुंचा। उसे लक्ष्मी और कमलेश के रिश्ते की भनक पहले से थी, इसलिए उसने हत्या का शक कमलेश पर जताया। पुलिस ने कमलेश का फोन सर्विलांस पर डाला तो हत्या वाले दिन उसकी लोकेशन घटनास्थल के पास मिली। वह लगातार एक नंबर ही पर बात कर रहा था। छानबीन में यह नंबर केशव की पत्नी लक्ष्मी का निकला। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उधर, कालीचरण ने घर पहुंचकर छानबीन की तो कमलेश और लक्ष्मी की कपड़ों में एक फोटो भी मिली।

**पीएम रिपोर्ट में प्राइवेट पार्ट में चोट मिली:** पूछताछ में कमलेश ने बताया कि शराब पिलाने के बाद हमने केशव को जमकर पीटा था। फिर तौलिए से उसका गला घोंट दिया। हत्या के तुरंत बाद लक्ष्मी को कॉल लगाकर बताया कि काम हो गया। हमने केशव का गला घोंटकर अपने रास्ते से हटा दिया। यह सुनते ही लक्ष्मी खुश हो गई और उसने प्रेमी को शाबाशी दी।

## एमडी के साथ पकड़ाया राजस्थान का तस्कर

### रतलाम में डिलेवरी देने आया था, पुलिस जांच में जुटी

**मीडिया ऑडीटर, रतलाम निप्र।** रतलाम पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एमडी को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीडी नगर पुलिस ने राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के एक तस्कर को 10 ग्राम एमडी के साथ पकड़ा है। तस्कर रतलाम मे डिलेवरी देने आया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार रात निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम बिबडौद मेडिकल कालेज रिंग रोड़ से बाइक क्रमांक -35 स्रू3155 पर सवार समीर उर्फ उताउल्हा खान (24) पिता रहीम खान पठान निवासी खोरिया रठाज्जना जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को पकड़ा। तलाशी लेने पर इसके पास से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी पाई गई। जिसकी किमत लगभग 1 लाख रुपए है।




पुलिस ने पूछताछ की तो बताया कि प्रतापगढ़ जिले के नौगावां निवासी सलमान खान से लेकर आया है। रतलाम में यह डिलेवरी देना थी। फिलहाल पुलिस पूछताछ में लगी है कि रतलाम में किसे देने आया था। इसके अलावा जिससे एमडी लेकर आया है उसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस ने तस्कर के पास से बाइक व एक आईफोन मोबाइल भी जप्त कर लिया है। डीडी नगर पुलिस ने धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। डीडी नगर थाना प्रभारी रविंद्र दंडोतिया ने बताया कि प्राथमिक जांच में आरोपी रतलाम में एमडी किसी को देने आया था। पूछताछ की जा रही है। जिससे लाया है उसकी भी तलाश की जा रही है।

बता दे कि रतलाम में पिछले कई समय से लगातार एमडी की तस्करी की जा रही है। जिसको लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## ऑटो से महिला के 50 हजार गायब

### बाजार खरीदी करने गई थी, पर्स से निकाले रुपए

**मीडिया ऑडीटर, सागर निप्र।** सागर के कटरा बाजार इलाके में एक बार फिर महिला के पर्स से रुपए निकाले गए। महिला ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार गुलाब बाबा मंदिर के पास नीलकंठ कॉलोनी निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि वह घर से 50 हजार रुपए हैंडबैग में रखकर बाजार गई थी।

ऑटो में बैठकर निगम मार्केट पहुंची। जहां निगम मार्केट से जनरल स्टोर का सामान खरीदा। खरीदी करने के बाद आटो में बैठकर सराफा बाजार तिराहा पहुंची।

वहां पर दुकान में जाकर देखा तो हैंडबैग में रखे 50 हजार रुपए गायब थे। महिला ने पुलिस को बताया कि वह जिस ऑटो में बैठकर सराफा बाजार आई थी, उस ऑटो में तीनबत्ती के पास से दो अन्य महिलाएं बैठी थीं। उक्त महिलाएं सराफा बाजार से सरस्वती मंदिर तरफ चली गईं।

महिला के परिवार के सुभाष जैन ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# 7वीं की छात्रा को पीटा, प्राइवेट पार्ट में डाला डंडा

### स्कूल ड्रेस भी फाड़ी, पैर फैक्चर, ग्वालियर में छेड़छाड़ का विरोध किया था

**मीडिया ऑडीटर, ग्वालियर निप्र।** ग्वालियर में 15 साल की छात्रा को महिला और उसके तीन साथियों ने बेरहमी से पीटा। उसकी स्कूल ड्रेस फाड़ी। प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया। छात्रा ने अपने साथ हुई छेड़खानी का विरोध किया था। मारपीट से छात्रा का पैर फ्रैक्चर हो गया। दोनों हाथ, अंगुलियों में भी चोट आई है।

घटना 14 जुलाई की है। छात्रा ने मुरार थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सामान्य मारपीट में केस दर्ज कर लिया। कार्रवाई नहीं होने पर मंगलवार को घायल हालत में छात्रा और परिजन एसपी धर्मवीर सिंह से शिकायत करने पहुंचे। छात्रा को स्ट्रेचर ले जाया गया। यहां से उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। एएसपी ने संबंधित थाने के टीआई को कार्रवाई के लिए कहा है।



उपनगर मुरार थाना क्षेत्र में रहने वाली लड़की 7वीं की छात्रा है। लड़की की बहन ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में भगवती कुशवाह की प्रोविजनल स्टोर की दुकान है। 11 जुलाई को छोटी बहन दुकान पर सामान लेने गई थी। दुकान पर महिला, जीतू कुशवाह समेत तीन युवक बैठे थे। महिला ने बहन को दुकान के अंदर बुलाया। उसके साथ छेड़खानी करते हुए कपड़े उतारने की कोशिश की। छात्रा ने इसका विरोध किया और भाग गई।

घर जाकर यह बात बड़ी बहन को बताई। बहन ने महिला को खूब खरी-खोटी सुनाई। इस पर महिला और जीतू कुशवाह ने दोनों लड़कियों को जान से मारने की धमकी भी दी।

**फिर बदला लेने के लिए लड़की को पीटा:** लड़की ने पुलिस को बताया, '14 जुलाई को सुबह करीब 11:30 बजे घर आ रही थी। इसी दौरान भगवती कुशवाह, जीतू कुशवाह, संतोष और राहुल रास्ते में मिल गए। उनके हाथ में फावड़े का डंडा भी था। चारों उसे पकड़कर भगवती के घर में ले गए। डंडे और लात-घूंसों से एक घंटे तक जमकर पीटा। उसकी स्कूल ड्रेस भी फाड़ थी। इतना ही नहीं, प्राइवेट पार्ट में डंडा भी डाला।'

इसके बाद लहूलुहान और अधमरी होने पर घर के बाहर ले जाकर पटक दिया। लड़की की मां और बहन उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंची। यहां एक्सरे किया गया। पैर फ्रैक्चर होने पर डॉक्टरों ने प्लास्टर चढ़ाया। हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है। घटना के बाद छात्रा डरी हुई है। परिजन और छात्रा ने मुरार थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। यहां पुलिस ने मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

**बहन का आरोप- आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण:** घायल छात्रा की बहन का आरोप है, 'पिटाई करते वक्त आरोपी खुद को सांसद भरत सिंह कुशवाह का करीबी बता रहे थे। शायद इसलिए पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इस कारण जनसुनवाई में एसपी से गुहार लगाई है।'

एएसपी अखिलेश रेनवाल का कहना है, ' पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। मुरार थाना प्रभारी को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाने के लिए भी कहा है।

## शिक्षकों की नियुक्ति कराने छात्र-छात्राओं ने किया रोड जाम

### कराडिया गांव के स्कूल में 6वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स को पढ़ाने के लिए हैं सिर्फ 3 शिक्षक

**मीडिया ऑडीटर, आलोट निप्र।** आलोट में कराडिया गांव के स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को बस स्टैंड पर मुख्य सड़क जाम कर दी। स्टूडेंट्स सड़क पर बैठ गए। 1 घंटे तक छात्र-छात्राएं शिक्षकों की नियुक्ति की मांग करते रहीं। इस दौरान हल्की बारिश भी होती रही। लेकिन स्टूडेंट्स फिर भी प्रदर्शन करते रहे। सड़क जाम कर प्रदर्शन करने की सूचना पर बरखेड़ा थाना से पुलिस मौके पर पंहुची। पुलिस ने छात्रों को सड़क पर से उठाने का प्रयास किया। लेकिन छात्राओं ने पुलिसकर्मियों की बता नहीं मानी।



**तहसीलदार मौके पर पहुंची:** स्टूडेंट्स को समझाने मौके पर तहसीलदार सोनम भगत पहुंची। तहसीलदार ने कहा कि सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करना छात्रों का काम नहीं। कोई और तुम्हें ये करने की शिक्षा दे रहा है। मैं भी शासकीय विद्यालय में पढ़ी हूं। शासकीय विद्यालय के छात्रों में हुनर होता है। शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से बात कर समस्या का समाधान करेंगे। इसके बाद सभी छात्र शांत हो गए।

**पत्र लिख कर की शिक्षकों की मांग:** गांव कराड़िया के शासकीय माध्यमिक महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय की समस्याओं के बारे मे जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर समस्या के बारे में अवगत कराया है। प्राचार्य ने लिखे गए पत्र में बताया कि गांव कराड़िया मे कक्षा 6 से कक्षा 12 तक पढ़ाने के लिए सिर्फ 3 ही शिक्षक ही नियुक्त हैं। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से मौजूदा अध्यापकों असुविधाएं हो रहीं हैं। इसलिए स्टूडेंट्स प्रदर्शन कर रहे हैं। मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप शर्मा ने बताया कि विद्यालय में पिछले वर्ष से शिक्षकों के 12 पद रिक्त हैं। वर्तमान में विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक में कुल 310 छात्र और कक्षा 6वीं से 8वीं तक में कुल 88 हैं सभी विद्यार्थियों को सिर्फ तीन शिक्षक पढ़ाते हैं। हर साल अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति जाती है। लेकिन शासन से अब तक आदेश नही आए हैं। आदेश आने के बाद शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। बीते दिनों आलोट के खजूरी देवड़ा गांव में शिक्षक नहीं होने से सरपंच प्रतिनिधि में हाईस्कूल में तालाबंदी कर दी थी। इसके बाद में मामले में मप्र मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया था।

## महू-पातालपानी के बीच हुआ ट्रायल रन

### डीआरएम बोले- इसी महीने शुरू होगी हेरिटेज ट्रेन

**मीडिया ऑडीटर, इंदौर निप्र।** महू-पातालपानी के बीच रेलवे द्वारा मीटर गेज सेक्शन को ब्रॉडगेज में कन्वर्ट का काम पूरा हो गया है। इस ट्रैक पर आज दोपहर को सीआरएस इंस्पेक्शन हुआ। इस दौरान आज 105 किमी की रफ्तार से पातालपानी रेलवे स्टेशन से डॉ. अंबेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन तक ट्रेन चलाई गई। अब इस ट्रायल की ओके रिपोर्ट आते ही महू से पातालपानी के बीच यात्री ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे के डीआरएम रजनीश कुमार ने बताया की महू से पातालपानी के बीच रेलवे द्वारा पांच किमी के हिस्से में ब्रॉडगेज कन्वर्जन का काम पूरा कर लिया है। ओके रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही महू से पातालपानी के लिए ट्रेन शुरू कर दी जाएगी। डीआरएम रजनीश कुमार ने बताया हमारा प्लान इसी महीने जुलाई तक हेरिटेज ट्रेन शुरू करने का है इसी माह के अंत तक हम हेरिटेज ट्रेन को शुरू कर देगे। साथ ही महू से पातालपानी तक चलने वाली ट्रेन की कनेक्टिविटी को हेरिटेज ट्रेन से जोड़ने का भी प्लान चल रहा है।



**5.5 किमी डेमू से सफर करना पड़ेगा:** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन पातालपानी से कालाकुंड के बीच 10 किमी ट्रैक पर चलेगी। इस ट्रैक पर सफर के दौरान यात्री पातालपानी स्टेशन, पातालपानी वाटर फॉल, वैली ब्रिज, कालाकुंड और चार टनल के रोमांच का लुत्फ उठाएंगे। महू से पातालपानी के बीच 5.5 किमी हिस्से में यात्री को गेज परिवर्तन होने के कारण डेमू से यात्रा करना होगी। इसके बाद पातालपानी से कालाकुंड तक हेरिटेज का सफर किया जा सकेगा।

**5 कोच के साथ हफ्ते में तीन दिन चलेगी ट्रेन:** रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुरुआत में पातालपानी-कालाकुंड के बीच हैरिटेज ट्रेन दो विस्टाडोम एसी-1 और एसी-2 (एसी चेयर-कार) कोच और दो नॉन एसी-1, एसी-2 और छ-3 कोच के साथ चलेगी। वहीं हेरिटेज ट्रेन में आने-जाने का अलग-अलग टिकट लेना होगा। विस्टाडोम के एक कोच में 60 सीट है। इसमें एसी चेयर-कार का 265 रुपए, जबकि नॉन एसीचेयर-कार का किराया 20 रुपए प्रति टिकट रह सकता हैं। नॉन एसी चेयर-कार के दो कोच है। टिकट की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ऑनलाइन या रिजर्वेशन सेंटर से की जा सकती है।

**इस समय पर चल सकती है ट्रेन:** ट्रेन संख्या 52965 पातालपानी कालाकुंड हैरिटेज ट्रेन 11.05 बजे पातालपानी से चल कर 13.25 बजे कालाकुंड पहुंचेगी। वहीं वापसी ट्रेन संख्या 52966 कालाकुंड पातालपानी हेरिटेज ट्रेन कालाकुंड से 15.34 बजे चल कर 16.30 बजे पातालपानी पहुंचेगी।

# 2 हत्या कर दुश्मन को फंसाने चाचा को गोली मारी

### पैर पर फायर किया था, ज्यादा खून बहने से हुई मौत, लड़ाई जमीन की थी

**मीडिया ऑडीटर, मुरैना निप्र।** मुरैना जिले के अंबाह में 11 जुलाई को सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर तीन लोगों की हत्या कर दी गई। शुरुआत में पुलिस को लगा कि ये खूनी वारदात दो पक्षों के बीच हुई है। पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी कर रही थी। तभी जानकारी मिली कि जिन तीन लोगों की हत्या की गई है वो एक ही पक्ष ने की है, यानी दूसरे पक्ष की तरफ से गोलियां ही नहीं चली थीं। इसके बाद पुलिस ने तफ्तीश की तो पता चला कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को हत्या के प्रयास के मामले में फंसाने के लिए पूरी साजिश रची थी, लेकिन दांव उल्टा पड़ गया।



ये मामला अंबाह के गीलापुर गांव का है। जहां राधाचरण शर्मा और गिर्राज शर्मा के बीच सवा बीघा सरकारी जमीन को लेकर पिछले 4 साल से विवाद चल रहा था। मामला कहासुनी तक ही था, लेकिन 11 जुलाई को दोनों पक्ष आमने सामने आ गए।

विवाद के बाद गिर्राज शर्मा ने राधाचरण शर्मा के भाई और बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद गिर्राज ने राधाचरण और उसके परिवार को हत्या के प्रयास में फंसाने की साजिश रची और अपने सगे चाचा श्यामबाबू शर्मा को पैर में गोली मारी थी, लेकिन ज्यादा खून बहने से श्यामबाबू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रिपल मर्डर की इस मिस्ट्री का कैसे खुलासा किया?

**अब जानिए क्या है सवा बीघा सरकारी जमीन का मामला:** दोनों पक्ष यानी राधाचरण शर्मा और गिर्राज शर्मा गीलापुरा गांव में रहते हैं। दोनों के पास 40-40 बीघा जमीन है। 4 साल पहले गिर्राज शर्मा के दिव्यांग चाचा श्यामबाबू ने राधाचरण शर्मा के परिवार से 2 बीघा जमीन 15 लाख रु. में खरीदी थी। इस जमीन से सटी हुई सवा बीघा सरकारी जमीन भी शामिल थी।

दरअसल, श्यामबाबू के परिवार का 4 साल से इस जमीन पर कब्जा था। राधाचरण के परिवार से जमीन खरीदने के पीछे मंशा यही थी कि सरकारी जमीन पर भी कब्जा हो सके। मगर राधाचरण शर्मा का परिवार भी इस सरकारी जमीन पर अपना कब्जा जताता था।

उनका कहना था कि उनके परिवार के सदस्य ने खुद की 2 बीघा जमीन बेची है, सरकारी जमीन नहीं। इसे लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। हालांकि ये विवाद कहासुनी तक सीमित था।

**क्या हुआ था 11 जुलाई को जो दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ:** अंबाह पुलिस के मुताबिक 11 जुलाई को राधाचरण शर्मा के भाई अमरीश उर्फ डिब्बा शर्मा और बेटे अभिषेक ने गिर्राज शर्मा के परिवार को चुनौती दी थी कि वे सरकारी जमीन पर कब्जा करेंगे, जिसे रोकने की हिम्मत हो, वो रोक ले।

इसके बाद चाचा-भतीजा ट्रैक्टर लेकर सरकारी जमीन की जुताई करने पहुंच गए। दोपहर 11.30 बजे के लगभग दूसरा पक्ष यानी गिर्राज उसका भाई बृजमोहन, धीरेंद्र, आसाराम, गिर्राज के भतीजे अमन और शेरू हथियारों से लैस होकर सरकारी जमीन पर पहुंचे।

दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई फिर मारपीट होने लगी। इसी दौरान अमन शर्मा ने राइफल से दो राउंड फायर किए। एक गोली अमरीश उर्फ डिब्बा शर्मा और दूसरी गोली भतीजे अभिषेक के सिर में लगी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## बैडमिंटन खिलाड़ी ने हरभजन-रैना को लगाई लताड़, दर्ज हो गई शिकायत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 का खिताब भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर जीता था। युवराज सिंह की अगुवाई में पूरे टूर्नामेंट में भारतीय प्लेयर्स ने दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच जीतने के बाद हरभजन सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था, जिसमें युवराज सिंह, हरभजन, गुरकीरत मान और सुरेश रैना दिव्यांग की तरह एक्ट करते नजर आ रहे हैं। जहां उन्होंने कैप्शन में लिखा था कि 15 दिनों तक क्रिकेट खेलने के बाद उनकी हालत ऐसी हो गई है। इसमें तौबा-तौबा गाना भी बज रहा था। इस वीडियो पर खूब बवाल हुआ। इस वीडियो के लिए संन्यास ले चुके इन तीन पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज की गई है। विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटरों हरभजन सिंह, युवराज सिंह और सुरेश रैना की कड़ी आलोचना की और कहा कि इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया यह वीडियो बेहद खराब मिसाल कायम करता है। मानसी ने वीडियो पर आपत्ति दर्ज करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा कि आप नहीं जानते कि आपका व्यवहार कितना नुकसान पहुंचा सकता है और आसपास के लोगों से आपको जो सराहना मिल रही है, वह देखना भयावह है। आप सभी स्टार खिलाड़ी रहे हैं और आपसे अधिक जिम्मेदारी की उम्मीद थी। कृपया दिव्यांग लोगों के चलने के तरीके का मखौल न उड़ाएं। यह सही नहीं है।

इस वीडियो पर विवाद पैदा होने के बाद हरभजन ने एक्स पर पोस्ट जारी करके स्पष्टीकरण दिया और कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करना नहीं था। हम किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। हम हर व्यक्ति और समुदाय का सम्मान करते हैं। फिर भी अगर लोग सोचते हैं कि हमने कुछ गलत किया है। मैं अपनी तरफ से बस इतना ही कह सकता हूं। सभी को खेद है। कृपया इसे यहीं रोकें और आगे बढ़ें। खुश और स्वस्थ रहें।

# भारत को कुश्ती में भी मिल सकता है मेडल, इन खिलाड़ियों से उम्मीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आने वाले कुछ ही दिन में पूरी दुनिया पर पेरिस में खेले जाने वाले ओलंपिक का रोमांच सिर चढ़कर बोलने वाला है। भारतीय खिलाड़ियों की बड़ी फौज इस वक्त पेरिस में तैयारी कर रही है। ये बात और है कि ये ओलंपिक पेरिस के नाम से जाने जाएंगे, लेकिन इनका आयोजन इस बार फ्रांस के 16 अलग अलग शहरों में भी किया जा रहा है। पिछले कुछ साल में भारतीय खिलाड़ियों ने ओलंपिक के अलावा बाकी खेलों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे इस बार भी पदक जीतने की उम्मीद लगाई जा रही है। खास तौर पर कुश्ती में। कुश्ती में भारतीय खिलाड़ी विरोधी खिलाड़ी से भिड़कर मेडल जीतकर ला सकते हैं। चलिए एक नजर इस पर डालते हैं कि भारत के कौन कौन से खिलाड़ी इस बार ओलंपिक में कुश्ती के मैदान में नजर आने वाले हैं।



**भारत को कुश्ती में पदक जीतने की उम्मीद :**कुश्ती में भारत के अमित पंघल चुनौती पेश करते हुए दिखाई ?देंगे। वे 53 ?किलोभार वर्ग में खेलेंगे। इसके अलावा विनेश फोगाट का भी नाम आप सभी जानते ही हैं। वे 50 किलोभार वर्ग में नजर आएंगी। उनके अलावा अंशु मलिक 57 और रितिका हुड्डा 76 किलोभार वर्ग में विरोधी ?खिलाड़ी से भिड़ती हुई दिखाई देंगी। निशा दहिया 68 किलोभार वर्ग में दिखाई देंगी। वहीं भारत के अमन सेहरावत 57 किलो फ्री स्टाइल में विरोधी खिलाड़ी से भिड़ेंगे। ओलंपिक भले ही 26 जुलाई से शुरू हो जाएंगे, लेकिन ?कुश्ती के लिए आपको 5 अगस्त तक का इंतजार करना होगा। इसके बाद 11 अगस्त तक कोई ना कोई मेडल तो भारत के पास आ ही जाएगा, इसकी पूरी उम्मीद की जानी चाहिए।

**भारत में इस तरह से देख सकते हैं ओलंपिक के मुकाबले:** अच्छी बात ये है कि भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए आपको रात में ज्यादा देर तक जागना नहीं पड़ेगा। आप शाम को आराम से अपने टीवी और मोबाइल पर ये मुकाबले देख सकते हैं। आपको हमने पहले ही बताया है कि इस बार मोबाइल पर जियो सिनेमा और टीवी पर स्पोर्ट्स 18 के अलावा दूरदर्शन के स्पोर्ट्स चैनल पर भी आप ओलंपिक देख पाएंगे। जब भारत के मुकाबले होंगे तब तो आपको देखना ही चाहिए। इतना ही नहीं आपको बता दें कि जहां अभी आप ये खबर पढ़ रहे हैं यानी इंडिया टीवी, यहां पर भी आपको पल पल ही खबर हम देते रहेंगे।

**भारत का बड़ा दल इस बार करेग प्रतिनिधत्व :** पेरिस ओलंपिक में इस बार जो जानकारी सामने आ रही है, उसके अनुसार कुल मिलाकर दुनियाभर के 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अपनी किस्मत आजमाते हुए दिखाई देंगे। इस बार 32 खेलों की कुल मिलाकर 329 स्पर्धाएं हो रही हैं। भारत के 115 से ज्यादा ए?थलीट इन खेलों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस पहुंच चुके हैं। देखना हो?गा कि इस बार भारत के पास कितने मेडल आते हैं और उसमें कितने गोल्ड मेडल होते हैं। खास तौर पर कुश्ती के भाला फेंक, बैडमिंटन, शूटिंग, हॉकी और बॉक्सिंग में मेडल की उम्मीद अभी लगाई जा रही है। बाकी कोई खिलाड़ी अगर छुपा ?रुस्तम निकल जाए तो बात अलग है।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए पाकिस्तान ने चली तगड़ी चाल



पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करनी है। ये तीनों टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का हिस्सा हैं। लेकिन अब इससे पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए टोनी हेमिंग को दो साल के लिए मुख्य क्यूरेटर नियुक्त किया। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वह बुधवार को लाहौर पहुंचकर अपना पदभार संभालेंगे।

टोनी हेमिंग का सबसे पहला काम पाकिस्तान के आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप मैचों के लिए पिचों को तैयार करना होगा। इन मैचों में पाकिस्तान का सामना अगस्त-सितंबर में बांग्लादेश और अक्टूबर में इंग्लैंड से होगा। हेमिंग आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भी पिच तैयारियों की देखरेख करेंगे, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक करेगा। हेमिंग काफी अनुभवी क्यूरेटर हैं। उन्हें लगभग चार दशक का लंबा अनुभव है। वह ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न, पर्थ और तस्मानिया जैसे कई प्रतिष्ठित क्रिकेट मैदानों पर काम कर चुके हैं।

## भारतीय महिला खिलाड़ियों की टी20 रैंकिंग में स्मृति मंधाना टॉप 5 पर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एशिया कप 2024 का अब से कुछ ही दिन बाद आगाज होने जा रहा है। इसमें भारत और पाकिस्तान सहित एशिया की कई टीमें हिस्सा लेती हुई नजर आएंगी। इस बार एशिया कप श्रीलंका में खेला जा रहा है। पहला मुकाबला 19 जुलाई को खेला जाएगा। इस बीच एशिया कप से ठीक पहले आईसीसी की ओर से खिलाड़ियों की टी20 रैंकिंग जारी कर दी गई है। आपको जरूर जानना चाहिए कि भारत की स्टार महिला खिलाड़ियों की रेटिंग क्या है। खास बात ये है कि भारत की केवल एक ही खिलाड़ी टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही है। लेकिन टॉप 15 में भारत की 3 महिला खिलाड़ी नजर आ रही हैं।



आईसीसी की ओर से जारी की गई महिलाओं की टी20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा जमाए हुए हैं। लेकिन वे इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी, क्योंकि ये एशिया कप है। अगर भारत की बात करें तो यहां पर स्मृति मंधाना नंबर 5 की कुर्सी पर बनी हुई हैं। उनकी रेटिंग इस वक्त 729 की है। उनके अलावा भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर 613 की रेटिंग के साथ नंबर 12 पर आ गई हैं। उन्होंने इस बार की रेटिंग में तीन स्थानों की छलांग मारी है, जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। वहीं बात अगर शेफाली वर्मा की करें तो उन्हें भी इस बार फायदा हुआ है। उन्होंने भी दो स्थानों की छलांग लगाई है। वे अब 605 की रेटिंग के साथ नंबर 15 पर पहुंच गई हैं। यानी टॉप 15 में भारत की तीन खिलाड़ी हैं।

बात अगर एशिया कप की करें तो इस बार ये टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट पर खेला जाएगा। पहला ही मैच नेपाल और यूएई के बीच होना है। लेकिन इसी दिन शाम को एक महामुकाबला खेला जाएगा। यानी भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। ये एक रोमांचक मुकाबला होगा, इसकी पूरी उम्मीद है। अगर इन दोनों टीमों के टी20 इंटरनेशनल में हेड टू हेड की बात की जाए तो भारतीय टीम का पलड़ा काफी भारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच अभी तक जो 13 मुकाबले हुए हैं, उसमें से केवल तीन ही मैच पाकिस्तानी टीम ने जीते हैं, वहीं टीम इंडिया 10 मैच अपने नाम करने में कामयाब रही है। इस बार भी भारत के जीतने की संभावना काफी ज्यादा नजर आ रही है।

**एशिया कप 2024 के लिए भारतीय महिला टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर ), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजाना सजीवन।

## हार्दिक पांड्या शायद इस सीरीज का हिस्सा ना हों



जिम्बाब्वे के बाद अब टीम इंडिया का अगला मिशन श्रीलंका का दौरा है। भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी20 और इसके बाद तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। इसका शेड्यूल जारी किया जा चुका है। अब टीम के ऐलान की बारी है। माना जा रहा है कि जल्द ही टीम घोषित कर दी जाएगी। इस बीच बड़ी खबर ये आ रही है कि हार्दिक पांड्या शायद इस सीरीज का हिस्सा ना हों। हालांकि अभी तक जो खबरें आ रही हैं, वे अपुष्ट हैं। बीसीसीआई और खुद हार्दिक पांड्या ने इसको लेकर कुछ नहीं कहा है।

भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी20 इंटररनेशनल मैचों की सीरीज 27 जुलाई से खेली जाएगी। इसके बाद अगस्त में तीन मैचों की वनडे सीरीज होनी है। अभी जो खबरें सामने आई हैं, उसमें पता चला है कि आज ही शाम तक बीसीसीआई की ओर से इसके लिए टीम घोषित कर दी जाएगी। हालांकि अभी ये भी पक्का नहीं है कि पूरी सीरीज के लिए टीम सामने आएगी या फिर केवल टी20 सीरीज के लिए। माना जा रहा है कि रोहित शर्मा के टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद हार्दिक पांड्या ही टी20 के लिए भारतीय टीम के कप्तानी के दावेदार हैं। हो सकता है कि वे केवल टी20 सीरीज खेलें। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि हार्दिक पांड्या ने व्यक्तिगत कारणों से वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई से ब्रेक मांगा है। यानी वे केवल टी20 सीरीज खेलकर वापस घर आ जाएंगे।

## स्टार क्रिकेटरों को भी खेलना होगा घरेलू क्रिकेट



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट अपने स्वर्णिम दौर लौट चुका है। हाल ही भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में मिली जीत के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों को बीसीसीआई की ओर से 125 करोड़ रुपए इनाम के तौर पर दिए गए। इसके अलावा इस वक्त भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों को रेस्ट दिया गया है। इसी बीच बीसीसीआई टीम के खिलाड़ियों को लेकर एक बड़ा फैसला लेने जा रहा है। जिसके तहत टीम इंडिया के बाहर चल रहे सीनियर खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। दरअसल टीम इंडिया से जब भी कोई सीनियर खिलाड़ी बाहर होता है। तब वह घरेलू क्रिकेट न खेलकर आईपीएल में खेलने का इंतजार करता है। जिसे लेकर काफी लंबे समय से चिंता जताई जा रही है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। हालांकि इसमें रोहित, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को छूट दी गई है। बीसीसीआई चाहता है कि बाकी सभी टेस्ट विशेषज्ञ अगस्त में दलीप ट्रॉफी का कम से कम एक मैच खेलें। इसके बाद टीम को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसके आधार पर टीम का ऐलान किया जाएगा। ऐसा करने से टीम इंडिया को काफी फायदा होगा। वहीं घरेलू क्रिकेट को भी बढ़ावा मिलेगा।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 खत्म होने के ठीक बाद टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर पर टी20 सीरीज खेली थी। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर गई। जहां ईशान किशन को टीम इंडिया के स्क्वाड में मौका तो मिला, लेकिन वह टी20 में प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं बन पाए। इसके बाद उन्हें वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड में मौका नहीं मिल सका। वहीं श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट सीरीज के बाद टीम इंडिया के स्क्वाड में मौका नहीं मिल पाया। इन दोनों खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में भाग लेने को कहा गया था, लेकिन दोनों ने बीसीसीआई से इस बात को इग्नोर किया। जिसके कारण ये दोनों ही खिलाड़ी अभी तक बीसीसीआई के कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हैं। वहीं अभी तक दोनों की टीम इंडिया में वापसी नहीं हो सकी है।

## ओलंपिक 2024 बैडमिंटन इवेंट में भारत की ओर से भाग लेंगे ये 7 खिलाड़ी





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ओलंपिक 2024 का आयोजन इस साल पेरिस में किया जा रहा है। भारत की ओर से कई एथलीट इस बार ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं भारत को मेडल की भी पूरी उम्मीद है। पिछले ओलंपिक में भारत ने कुल 7 मेडल जीते थे। वहीं इस बार फैंस मेडल के मामले में दहाई आंकड़े तक पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। इस दौरान हर किसी की नजरें बैडमिंटन इवेंट पर रहेंगी। बैडमिंटन में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर कुल 7 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ये 7 खिलाड़ी बैडमिंटन में भारत की ओर से चार तरह के खेलों में हिस्सा लेंगे। ये सभी खिलाड़ी बैडमिंटन के स्टार हैं और पिछले कुछ सालों में इन्होंने दमदार प्रदर्शन किया है और कई मेडल भी अपने नाम किए हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से बैडमिंटन के विभिन्न इवेंट्स के लिए 4 पुरुष और 3 महिला खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। इसमें पुरुष खिलाड़ियों के बारे में बात करें तो वें मेंस सिंगल और मेंस डबल्स इवेंट में भाग लेंगे। दोनों इवेंट में भारत को गोल्ड मेडल की उम्मीद है। भारत की मेंस डबल्स की जोड़ी ने हाल के समय में वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान पर भी रही थी। वहीं दूसरी ओर महिला खिलाड़ियों के बारे में बात करें तो वें वुमेंस सिंगल और वुमेंस डबल्स जैसे इवेंट में भाग लेने के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रही हैं। वुमेंस सिंगल इवेंट में भारत को गोल्ड मेडल की उम्मीद है। पीवी सिंधु भारत की ओर से वुमेंस सिंगल में भाग ले रही हैं। उन्होंने पिछले दो ओलंपिक में भारत के लिए मेडल जीता है।

**बैडमिंटन इवेंट में भारत की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट:**

पीवी सिंधु - वुमेंस सिंगल इवेंट, एचएस प्रणय - मेंस सिंगल इवेंट, लक्ष्य सेन - मेंस सिंगल इवेंट, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/ चिराग शेट्टी - मेंस डबल्स इवेंट, अश्विनी पोनप्पा/तनिषा क्रैस्टो (महिला युगल) - वुमेंस डबल्स इवेंट

# राजस्व महाअभियान में हर गांव में बी-1 का वाचन कराएं : कमिश्नर

## कमिश्नर ने गूगल मीट से राजस्व महाअभियान के संबंध में दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने गूगल मीट से आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान के लिए सभी कलेक्टर रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम बैठक लेकर शासन के निर्देशों को पटवारियों को अवगत कराएं। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान अभियान के लिए निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक गांव में







दीवार लेखन के माध्यम से शिविर की तिथियों की जानकारी दें। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी दें।

कमिश्नर ने कहा कि रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जो प्रकरण 30 जून तक निराकृत हो गए हैं उनका अभियान के दौरान अमल दरामद कराएं। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। कलेक्टर, एसडीएम तथा तहसीलदारों से प्रकरणों के शत-प्रतिशत दर्ज होने का प्रमाण पत्र लें। अभियान के दौरान निरीक्षण में इसका सत्यापन करें। यदि किसी न्यायालय में कोई प्रकरण बिना दर्ज किए हुए पाया जाता है तो संबंधित पीठासीन अधिकारी के ऊपर कार्यवाही करें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जो समय सीमा तय की गई है उसमें ही प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। संभाग में बंटवारे के भी बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। पक्षकारों को समझाइश देकर बंटवारे के प्रकरण निराकृत करें। नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें।

कमिश्नर ने कहा कि नक्शा तरमीम के प्रकरणों में जिनमें कम खातेदार हैं उनके प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी तथा अन्य कमियाँ भी अभियान के दौरान दूर कराएं। अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त जानकारियाँ दर्ज कराएं। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करके 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत भू अधिकार पत्र वितरित कराएं। राजस्व अभियान की नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी। सभी कलेक्टर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी दर्ज कर प्रतिदिन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा अथवा अन्य योजना से शांति धाम निर्माण के निर्देश दिए।

गूगल मीट में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने बताया कि राजस्व महाअभियान में बी-1 के वाचन के लिए ग्रामवार कार्यर्₹ म तैयार कर लिया गया है। अभियान के दौरान अधीनस्थ सभी न्यायालयों का निरीक्षण किया जाएगा। स्वामित्व योजना में जिन गांवों का ड्रोन सर्वे हो चुका है उनके हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि नक्शा तरमीम के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किए जाएंगे। अभियान के दौरान पटवारी घर-घर जाकर राजस्व के मामले दर्ज करेंगे। कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि अभियान का ग्रामवार कार्यर्₹ म तैयार कर लिया गया है। सभी राजस्व न्यायालयों का एक सप्ताह में निरीक्षण कर लिया जाएगा। प्रथम राजस्व अभियान में जिन बिन्दुओं पर जिले का प्रदर्शन कमजोर था वहाँ विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों का मूल्यांकन करके उनकी रैंकिंग की जाएगी। गूगल मीट में कलेक्टर मऊगंज, मैहर, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, एडीएम उमरिया तथा अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए।

## शासकीय चिकित्सालयों तथा झोला छाप डाक्टरों के दवाखाना का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने मंगलवार को शासकीय चिकित्सालयों, निजी क्लीनिक एवं झोला छाप चिकित्सकों के दवाखाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम बाबुपुर में डॉ. डीपी प्रजापति तथा डॉ. जीपी द्विवेदी के दवाखाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मध्यप्रदेश उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण अनुज्ञापन) नियम 1973 अंतर्गत पंजीकृत नहीं होने पर क्लीनिक बंद कराई गई। इसी प्रकार तिघरा मोड बिरसिंहपुर में डॉ. आरके तिवारी एवं डॉ. ओम गौतम वेल केयर मेडिकोस, डॉ. आरएन चौरसिया के चौरसिया हेल्थ केयर एण्ड मेडिकल, बिरसिंहपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने डॉ. अरूण शर्मा के अरूण डेन्टल क्लीनिक एवं युनिक पैथालाजी लैब तथा शिव मंदिर रोड बिरसिंहपुर में डॉ. संदीप कुमार विश्वकर्मा के क्लीनिक का निरीक्षण करने पर क्लीनिक मध्यप्रदेश उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण अनुज्ञापन) नियम 1973 अंतर्गत पंजीकृत नहीं होने पर क्लीनिक और पैथालॉजी बंद कराई गई।

इसी प्रकार शासकीय चिकित्सालयों के निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड सोहावल अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र बठिया कला प्रातः 11 बजे तक बंद पाये जाने पर सीएचओ कविता साकेत और रामपुर बघेलान विकासखण्ड अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र तिहाई प्रातः 11.45 बजे तक बंद रहने पर एएनएम फूल कुमारी साकेत को नोटिस दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसिंहपुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतवारा के निरीक्षण में चिकित्सकों द्वारा पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी को डिमाण्ड के अनुसार दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी के निरीक्षण में पाया गया कि आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा उपस्थित पंजी में नियमित हस्ताक्षर नहीं किये जाते। ऐसा लगता है कि पूरे माह की उपस्थिति एक बार में ही कर्मचारियों द्वारा दर्ज की जाती है। इस संबंध में आउटसोर्स कम्पनी को नोटिस दिया गया।

## जनसुनवाई में 66 प्रकरणों की हुई सुनवाई

### श्रवण बाधित पुरूषोत्तम दास को मिली कान की मशीन



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 66 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने जनसुनवाई में रामपुर बाघेलान तहसील अंतर्गत गोरइया गांव के श्रवण बाधित पुरुषोत्तम दास गुप्ता को तत्काल कान की मशीन उपलब्ध कराई। कान की मशीन मिल जाने से पुरुषोत्तम गुप्ता ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## तीन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तीन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिनमें प्रभारी तहसीलदार सौरभ मिश्रा को पन्नीलाल चौक, प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश सिंह को खूंथी बसीरन मोहल्ला एवं अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी को करवला (रामना टोला) के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

नियुक्त किये गये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 17 जुलाई को अपरान्ह 5 बजे से कार्यक्रम समापन तक अपने निर्धारित कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी नीरज खरे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रघुराजनगर (शहरी) मोबाइल 9425146097 होंगे।

# मैहर जिले में 64 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर बाटड द्वारा तहसील स्तर पर की जा रही जनसुनवाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानीटरिंग की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, सीईओ प्रतिपाल बागरी, सीएमओ लालजी ताम्रकार, डीपीओ राजेंद्र बांगरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





कलेक्टर रानी बाटड ने मैहर जिले में आये 64 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान ग्राम मऊ की सविता विश्वकर्मा पति स्व राम कुमार विश्वकर्मा 42 वर्ष ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद परिवार का भरण पोषण करना बहुत मुश्किल हो गया है। मेरी दो बेटियां की शादी और कच्चे मकान के निर्माण हेतु आवास योजना और कन्या विवाह योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन दिया गया। मैहर निवासी राकेश चौरसिया ने बताया कि शासकीय रास्ते को बाधित करते हुए पुलिया पर कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा है। कई बार स्थानीय लोगो ने शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने कार्यवाही करते हुए एसडीएम तथा सीएमओ को दलबल के साथ तत्काल अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार लक्ष्मी प्रसाद बड़गईया निवासी बिनैका तहसील अमदरा ने बताया की विगत कई महीनों से विद्युत बिल 200 से 300 के बीच रहता था। लेकिन अब विद्युत मंडल के कर्मचारी के अनियमित समय पर मीटर रीडिंग करने की वजह से जून प्रति माह से 1000 से लेकर 2500 रूपये तक हर माह का बिल भेजा गया है। शिकायत किए जाने के बाद कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। ग्राम झीन्ना निवासी लोकनाथ सिंह पिता रामकृपाल सिंह ने बताया कि मकान के सामने आने जाने वाले पुस्तैनी रास्ते को हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन सही न करने व स्वयं को लाभ पहुंचाने की नियत से शासकीय रास्ते को रकवा में दर्शा दिया गया है।

**अमरपाटन में 6 तथा रामनगर में 11 आवेदन पर हुई जनसुनवाई:** मैहर कलेक्टर रानी वाटड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड कार्यालय एवं सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई में अमरपाटन के विकासखंड कार्यालय में एसडीएम आरती यादव एवं तहसीलदार रामदेव साकेत द्वारा आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान एसडीएम आरती यादव ने आवेदकों की समस्याओं का निराकरण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर अमरपाटन सीईओ ओपी आस्थाना उपस्थित रहे। इसी प्रकार रामनगर के एसडीएम कार्यालय में भी एसडीएम डॉ. आरती सिंह ने विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में आये प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर रामनगर के सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति उपस्थित रहे। ग्राम स्तर की जनसुनवाई में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी एवं मैदानी अमले ने ग्राम वासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में 154 आवेदनों में सुनवाई की गई।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में द्वितीय चरण में प्रवेश के लिए पंजीयन कार्य 11 जुलाई से शुरू होंगे। आईटीआई में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र ण्वैक्ण्डच्ण्ळव्टण्ण्छ वेब साईट पर जाकर रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 11 जुलाई 2024 से 17 जुलाई 2024 तक रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग कर सकेंगे। इस हेतु अभ्यर्थी ऑनलाईन के माध्यम से विभाग के पोर्टल ण्केकण्उचण्हवअण्पद पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन-2024 पर जाकर 11 जुलाई 2024 से 17 जुलाई 2024 तक रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं।

चयन सूची 24 जुलाई 2024 को जारी की जाएगी तथा चयन सूची अनुसार आवेदक 26 जुलाई 2024 से 29 जुलाई 2024 तक संबंधित संस्था में दस्तावेज सत्यापन करा कर प्रवेश ले सकते हैं।

आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदक रजिस्ट्रेशन हेतु किसी भी नजदीकी ऑनलाइन सहायता केन्द्र अथवा स्वयं अपने स्तर पर कंप्यूटर या मोबाइल से फॉर्म भर सकते हैं। शासकीय आईटीआई में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। समस्त इच्छुक आवेदक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग अवश्य करें। रजिस्ट्रेशन से संबंधित किसी भी सहायता के लिए आवेदक हेल्पडेस्क नंबर 9171257462, 8982018733, 9111749057 पर फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मोहर्रम पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभाग मैहर के लिए विकास कुमार सिंह, अमरपाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी अमरपाटन आरती यादव, अनुविभाग रामनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी रामनगर डॉ. आरती सिंह, थाना क्षेत्र मैहर, नादन के लिए तहसीलदार मैहर जितेन्द्र कुमार पटेल, थाना क्षेत्र अमदरा के लिए नायब तहसीलदार अमदरा सुनील कुमार द्विवेदी, थाना क्षेत्र बदेरा में नायब तहसीलदार बदेरा प्रेमलाल चौधरी, थाना क्षेत्र अमरपाटन में तहसीलदार अमरपाटन रामदेव साकेत, थाना क्षेत्र ताला में नायब तहसीलदार ताला उमाकांत शर्मा, थाना क्षेत्र रामनगर में तहसीलदार रामनगर अनुराग सिंह मरावी, थाना क्षेत्र चौकी मर्यादपुर में नायब तहसीलदार मर्यादपुर ललित कुमार धुर्वे एवं सम्पूर्ण अनुविभाग हेतु दण्डाधिकारी/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है।

साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। जिले की सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी शैलेन्द्र सिंह होंगे।

## मोहर्रम पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है।

नियुक्त उपखंड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से चर्चा कर प्रतिवर्ष की भांति मोहर्रम आयोजन की समुचित व्यवस्था एवं सम्पूर्ण कानून व्यवस्था सुचारु रुप से संपादित करेंगे। साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी रघुराजनगर शहरी नीरज खरे, अनुविभागीय दण्डाधिकारी ग्रामीण राहुल सिलाड़िया, अनुविभागीय दण्डाधिकारी उचेहरा सुधीर कुमार बेक, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद एपी द्विवेदी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी मझगवां जितेन्द्र कुमार वर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामपुर बघेलान आरएन खरे एवं सम्पूर्ण अनुविभाग हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखडे मोबाइल 9407020000 होंगे।

## सावित्रीबाई फुले स्व. सहायता समूह योजनांतर्गत आवेदन 30 जुलाई तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं विकास निगम के माध्यम से सावित्रीबाई फुले स्व. सहायता समूह योजना प्रारंभ की गई हैं। योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं के पंजीकृत समूह में 18 से 55 वर्ष की आयु वर्ग की 10 महिलाओं का समूह गठित किया जायेगा। जिनमें स्वरोजगार के लिए बैंकों की सहायता से सहायता 20 हजार से 2 लाख तक ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदक समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे आय, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, समग्र आईडी, इत्यादि योजना से संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सतना में संपर्क कर सकते हैं।

## जिले में अब तक 173 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई 2024 तक 173 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 338.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 128.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 152.4 मि.मी, बिरसिंहपुर में 169 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 82 मि.मी., नागौद में 180.5 मि.मी., जसो (नागौद) में 69.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 263 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 192 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।